दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, बुधवार 25 फरवरी 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 985

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर सियासत जारी, यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने की मुलाक़ात, समर्थन में सड़कों पर उतरने का ऐलान



**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाराणसी।** वाराणसी में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के समर्थन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने बड़ा ऐलान किया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वाराणसी स्थित श्री विद्यामठ पहुंचे और शंकराचार्य से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य के खिलाफ हाल ही में दर्ज मुकदमे को राजनीतिक साजिश करार दिया और सनातन परंपरा का अपमान बताया. मुलाकात के बाद अजय राय ने घोषणा की कि कांग्रेस शंकराचार्य के साथ पूरी तरह खड़ी है. उन्होंने कहा कि यह मामला सनातन धर्म की भावनाओं से जुड़ा है और सरकार द्वारा संतों पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है. अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बड़ा एलान करते हुए बताया कि बुधवार को उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। वे शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी को ज्ञापन सौंपेंगे. ज्ञापन में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज एफआईआर की स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की जाएगी।

**कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुई है FIR :** यह विवाद प्रयागराज के माघ मेले के दौरान शंकराचार्य को गंगा स्नान से रोके जाने और बाद में उनके खिलाफ यौन शोषण के आरोपों में एफआईआर दर्ज होने से जुड़ा है. प्रयागराज की विशेष पोक्सो अदालत के आदेश पर झूंसी थाने में मामला दर्ज हुआ है. शंकराचार्य ने इन आरोपों को निराधार और राजनीतिक साजिश बताया है, जबकि विपक्षी दल इसे सरकार की ओर से संतों का अपमान मान रहे हैं। कांग्रेस का यह प्रदर्शन राज्य की सियासत को और गरमा सकता है, खासकर जब सपा और अन्य दल भी पहले से ही शंकराचार्य के समर्थन में बयान दे चुके हैं. अजय राय ने कहा कि संतों की आवाज दबाने की कोशिश असफल रहेगी और पार्टी सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

## मुझसे कहा अविमुक्तेश्वरानंद पर यौन शोषण का आरोप लगाओ', शख्स ने वाराणसी पहुंच पूरी कहानी सुनाई

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वाराणसी।** पीड़ित ने बताया कि आशुतोष पांडेय ने उसे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ झूठा यौन शोषण केस दर्ज करने का लालच दिया. पीड़ित ने दावा किया कि जब उन्होंने मना कर दिया, तो धमकी दी गई. कब ये सब हुआ? कैसे उनसे संपर्क किया गया? सब बताया है।

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दर्ज यौन शोषण केस में नया मोड़ आया है. वाराणसी में उनके विद्या मठ आश्रम में शाहजहांपुर का एक शख्स पहुंचा, जिसने आरोप लगाया कि आशुतोष पांडेय यानी आशुतोष महाराज ने उसे शंकराचार्य पर झूठा आरोप लगाने के लिए धमकी दी थी. पीड़ित खुद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सामने पेश हुआ. शख्स ने कहा कि आशुतोष पांडेय ने शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए लालच दिया था।

पीड़ित ने बताया कि आशुतोष पांडेय ने उनसे शंकराचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से मना करने पर धमकी भी दी थी।शाहजहांपुर से अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ आए पीड़ित ने कहा कि आशुतोष पांडेय ने उन्हें फोन करके यह आरोप लगाने के लिए कहा था कि वह अपनी तीन बेटियों के साथ वाराणसी के विद्या मठ आश्रम गए थे, जहां उनकी बेटियों का सेक्शुअल हैरेसमेंट हुआ था. हालांकि, उन्होंने ऐसा कहने से मना कर दिया। 23 फरवरी को आजतक से जुड़े रोशन कुमार से बातचीत में खुद को पत्रकार बताने वाले पीड़ित ने बताया।

हम दंडी संन्यासी परिवार से संबंध रखते हैं. आशुतोष पांडेय के कुछ लोग हमारे पास आए. उन्होंने मेरे पिता दंडीस्वामी आत्मानंद का नाम लेते हुए हालचाल जाना और कहने लगे कि अगर तुम मेरी बात मानोगे तो आर्थिक मदद करेंगे. उन लोगों ने अपने फोन से वॉट्सऐप कॉल के जरिए मेरी बात आशुतोष पांडेय यानी आशुतोष महाराज से कराई. चूंकि मेरी पहले भी कई बार आशुतोष पांडेय से मुलाकात हो चुकी है, इसलिए मैंने उनकी आवाज पहचान ली. आशुतोष पांडेय ने कहा कि आप अपनी बेटियों को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद और उनके लोगों पर यह आरोप लगाओ कि उनके वाराणसी आश्रम में तुम्हारी बेटियों के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट हुआ है. इसके लिए तुम्हें कहीं जाने की भी जरुरत नहीं है. सिर्फ एक शपथपत्र पर हस्ताक्षर करके देना है

उन्होंने आगे बताया "मैंने मना किया, तो आशुतोष पांडेय ने धमकी दी कि मैं वही आशुतोष पांडेय हूं. मेरे पास और भी बहुत रास्ते है. जब 2-3 दिनों से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बारे में मैंने देखा तो घबरा गया कि कहीं मेरे नाम का तो दुरुपयोग तो नहीं किया गया है. इसलिए मैं वाराणसी आश्रम में अविमुक्तेश्वरानंद से मिलने आ गया। पीड़ित ने अपनी सुरक्षा पर भी चिंता जाहिर की और आगे की कार्रवाई के लिए विचार करने की बात बताई। पीड़ित ने खुद सामने आकर दावे किए, तो स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी कहा कि उनके खिलाफ एक बड़ी साजिश रची जा रही है. स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा। इससे पता चल रहा है कि लोगों को मेरे खिलाफ लालच देकर खड़ा करने का प्रयास चल रहा है. गोहत्या के खिलाफ आवाज उठाने के कारण मेरे खिलाफ ये सबकुछ किया जा रहा है. शाहजहांपुर से आए परिवार को जान का खतरा है, जिसके लिए प्रार्थना भी की जाएगी. जब उन्होंने देखा कि मेरे खिलाफ POCSO एक्ट में मुकदमा दर्ज हो गया है, तो वे मिलने आए।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से पूछा गया कि आपकी कथित सीडी का भी जिक्र किया जा रहा है, तो उन्होंने कहा कि अगर कोई सीडी है तो उसे सार्वजनिक करना चाहिए. उन्होंने समाजवादी पार्टी (SP) के अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने कहा कि 'भाजपा हटाओ-सनातन बचाओ'. शंकराचार्य ने कहा कि सनातन की सबसे बड़ी दुश्मन भाजपा ही है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बदला रुख! पहले थे गिरफ्तारी के लिए तैयार, अब हाईकोर्ट में दी अग्रिम जमानत की याचिका



**लोक तंत्र की आवाज़**

**इलाहाबाद।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुँच गया है। शंकराचार्य ने इस मामले में अग्रिम जमानत (anticipatory bail) के लिए याचिका दाखिल की है। यह याचिका उनके अधिवक्ता राजर्षि गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश की ओर से हाईकोर्ट में पेश की गई। उम्मीद है कि मामले की सुनवाई जल्द ही शुरू हो सकती है।

**मामला और शुरुआत :** तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने जिला कोर्ट में धारा 173(4) के तहत अर्जी दी थी। इसके बाद एडीजे रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट के न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने झूंसी पुलिस को विवेचना करने और मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। अदालत के इस आदेश के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में अब तक शंकराचार्य ने गिरफ्तारी के लिए अपनी सहमति जताई थी, लेकिन अब उन्होंने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल कर बड़ा मोड़ ले लिया है। माना जा रहा है कि इस याचिका पर सुनवाई में ही आगे की दिशा तय होगी।

### पुलिस द्वारा एफआईआर और जांच भी शुरू

झूंसी थाना पुलिस ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद गिरी और दो-तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर भारी अपराधों और बाल संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं जैसे 351(3), 5(I), 6, 3, 4(2), 16 और 17 के तहत दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत विवेचना शुरू कर दी है।

## हिंदू समाज के एक हिस्से को 200 साल भी आरक्षण देना पड़े तो अनुचित नहीं, देहरादून में मोहन भागवत ने कही यह बात

**लोक तंत्र की आवाज़**



**देहरादून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने पूर्व सैनिकों के साथ संवाद में सामाजिक समरसता को सर्वोपरि बताया। उन्होंने कहा, दो हजार वर्षों तक अस्पृश्यता और भेदभाव झेलने के बाद भी हिंदू समाज के एक हिस्से ने कभी देश के साथ गद्दारी नहीं की।

इस वर्ग को समाज में बराबरी का स्थान देने के लिए यदि दो सौ वर्ष भी आरक्षण देना पड़े, तो तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने भाइयों के उत्थान की खातिर आरक्षण देना पड़ेगा तो देंगे, अपनों के लिए नुकसान भी सहेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से हिमालयन कल्चरल सेंटर में आयोजित प्रमुखजन गोष्ठी में सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने कहा, स्वतंत्रता के बाद कई राजनीतिक दल अपने मूल मार्ग से भटक गए हैं।उन्होंने समाज की एकता पर बल देकर कहा कि सामाजिक शक्ति ही व्यक्तियों व नेतृत्व को बल प्रदान करती है। यदि समाज कमजोर है तो नेतृत्व प्रभावी नहीं हो सकता। कहा कि वर्ष 1857 की क्रांति में पराजय का बड़ा कारण आपसी एकता का अभाव था। राजनीतिक जागरूकता व क्रांतिकारियों के संघर्ष से बाद में एकजुटता का भाव पैदा हुआ और देश आजाद हुआ।

**विदेशी घुसपैठियों को रोजगार न दें:** सरसंघचालक ने दो टूक कहा, विदेशी घुसपैठ को किसी भी कीमत पर स्वीकारा नहीं जाएगा। घुसपैठियों की पहचान स्पष्ट होनी चाहिए और देश में किसी भी विदेशी घुसपैठिये को रोजगार नहीं दिया जाना चाहिए। इसे उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा व देश की आर्थिकी से जुड़ा विषय बताया।

**भारत-पाक के नागरिक रखें आपसी प्रेम :** कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत के रिश्ते कैसे भी हों, लेकिन दोनों देशों के नागरिकों में सद्भावना होनी चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का सब कुछ अच्छा रहेगा तो हमारा भी अच्छा रहेगा।मतांतरण मुद्दे पर उन्होंने कहा, यदि किसी दूसरे मत में अच्छाई दिखती है तो मत परिवर्तन करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, ।

### आज जिनका विरोध, उन्हें भी कल जोड़ना है

सरसंघचालक ने हिंदू की व्याख्या करते हुए कहा कि भारत में कई पूजा पद्धतियां हैं। हमारा इनसे कोई विरोध नहीं है। सभी की रगों में एक ही खून है। सभी के पूर्वज एक हैं। हिंदू बनने के लिए कुछ भी छोड़ना नहीं पड़ता, बस देश के साथ निष्ठा हिंदू होने की शर्त है। कहा, आज हम जिनके विरोध में हैं, उनको भी कल जोड़ना ही है। वो भी अपने ही हैं।

## ईरान का नाम सुनकर रोने लगे अमेरिकी सैनिक! ट्रंप की जिद से जेराल्ड फोर्ड पर हाहाकार, टूट रहा हौसला

**लोक तंत्र की आवाज़**



**वॉशिंगटन।** एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर सख्ती दिखाकर दुनिया को अपनी ताकत का संदेश देना चाहते हैं, वहीं दूसरी तरफ उनके ही सैनिकों की हालत खराब है. अमेरिकी नौसेना का सबसे बड़ा और आधुनिक युद्धपोत USS जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले आठ महीनों से लगातार तैनाती पर है और अब इसकी तैनाती फिर बढ़ा दी गई है. इससे जहाज पर तैनात हजारों सैनिकों और उनके परिवारों पर भारी दबाव पड़ रहा है. परिवार से दूरी सैनिकों को हर पल रुला रही है. यह विमानवाहक पोत पिछले साल जून से समुद्र में है. पहले इसे भूमध्य सागर भेजा गया था, फिर कैरिबियन क्षेत्र में मिशन के लिए मोड़ दिया गया. बाद में इसे फिर से अटलांटिक पार कर मिडिल ईस्ट में भेजने का आदेश दिया गया. ईरान को डराने के लिए यह तैनाती की गई है।

**क्यों परेशान हो रहे अमेरिकी नेवी के सैनिक ?:** वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सामान्य तौर पर शांति काल में किसी एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती करीब छह महीने की होती है. लेकिन फोर्ड के सैनिक पहले से ही आठ महीने घर से दूर रह चुके हैं और अब यह अवधि 11 महीने तक पहुंच सकती है. यह अमेरिकी नौसेना के इतिहास में सबसे लंबी लगातार तैनाती का रिकॉर्ड तोड़ सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक जहाज पर तैनात कई जवानों ने बताया कि वे मानसिक और भावनात्मक दबाव में हैं. एक महिला सैनिक ने कहा कि वह अपनी छोटी बच्ची से लगभग एक साल से दूर है और अब नौसेना छोड़ने पर विचार कर रही है. एक अन्य सैनिक अपने परदादा की मृत्यु के समय घर नहीं जा सका. कई जवानों ने परिवार की शादियां, जन्मदिन और अन्य जरूरी मौके मिस कर दिए।

**कई हफ्तों तक घर पर नहीं होती बात:** जहाज के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन डेविड स्कारोसी ने भी माना कि तैनाती बढ़ाए जाने से जहाज पर तैनात जवानों और उनके परिवारों को झटका लगा है. उन्होंने एक पत्र में लिखा कि वे खुद भी उम्मीद कर रहे थे कि जल्द घर लौटेंगे. लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि 'जब देश बुलाता है, तो हमें जवाब देना होता है.' करीब 5,000 जवान इस जहाज पर तैनात हैं. इनमें कई 20-25 साल के युवा हैं, जो पहली बार इतने लंबे समय तक घर से दूर हैं. जहाज की गतिविधियों को गोपनीय रखा जाता है, इसलिए परिवारों से संपर्क भी नियमित नहीं हो पाता. कभी-कभी दो-तीन हफ्ते तक कोई बात नहीं होती।लंबी तैनाती का असर जहाज पर भी दिख रहा है. रिपोर्ट के मुताबिक, जहाज के सीवेज सिस्टम में दिक्कतें आईं और कई टॉयलेट काम नहीं कर रहे थे, जिस कारण सैनिकों को इंतजार करना पड़ता है।

## यूपी में ब्राह्मणों को रिझाने की रेस, फिर शुरू हुआ सोशल इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट

**लोक तंत्र की आवाज़**



**लखनऊ।** बीस साल बाद, बहुत कुछ बदल जाता है. लेकिन, निरंतरता हमेशा ही बेहतर नतीजे देती है. बशर्ते, हकीकत भी सतत प्रयासों को बराबर सपोर्ट कर रही हो - 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग के तमाम प्रयोग हो रहे हैं। बीएसपी नेता मायावती के सोशल इंजीनियरिंग के सफल प्रयोग के 19 साल बाद फिर से वैसी ही कोशिशें हो रही हैं. सोशल इंजीनियरिंग 2.0 प्रोजेक्ट में कॉमन फैक्टर 'ब्राह्मण वोटर' है, लेकिन नए दौर में 'दलित वोटर' को 'ओबीसी वोटर' से रिप्लेस करने की कवायद चल पड़ी है।

अबकी बार मायावती ही नहीं, सोशल इंजीनियरिंग पर अखिलेश यादव ने भी दांव खेला है. लेकिन, इस प्रोजेक्ट में ताजा ताजा एंट्री हुई है सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की. जिसके नेता ओम प्रकाश राजभर ने आजमगढ़ में बड़ी रैली की है, जिसमें 10 हजार ब्राह्मणों को बुलाया गया था - और ब्राह्मण समाज के सम्मान में खूब कसीदे पढ़े गए. नारे भी वैसे ही लगे - जय सुहेलदेव, जय परशुराम! ध्यान देने वाली बात ये है कि इस पर भी राजभर के निशाने पर समाजवादी पार्टी ही है।

घूसखोर पंडत' से लेकर UGC के नए नियमों तक, और यूपी में ब्राह्मण बनाम ठाकुर की राजनीति को ध्यान से देखें तो हर मामले में ओमप्रकाश राजभर के सामाजिक समरसता महारैली की झलक दिखाई देती है - मतलब, आने वाले चुनाव के लिए हर लेवल पर सोशल इंजीनियरिंग 2.0 प्रोजेक्ट शुरू हो चुका है।

**ओमप्रकाश राजभर और ब्राह्मण वोट बैंक:** ब्राह्मण वोट बैंक को लेकर सोशल इंजीनियरिंग का यह प्रयोग काफी जोखिमभरा भी है. मायावती और बीएसपी का गिरता जनाधार मिसाल है. मायावती ने 2007 के बाद वैसे कई प्रयोग किए. दलित-मुस्लिम गठजोड़ की कवायद फेल हुई, तो फिर से दलित-ब्राह्मण कॉम्बो आजमाने की कोशिश हुई. गुजरते वक्त के साथ बीएसपी के कई साथी मायावती से दूर जा चुके थे, लेकिन प्रयोग के नोडल अफसर बीएसपी महासचिव सतीशचंद्र मिश्रा ही थे - और 2022 में मायावती यूपी में एक विधानसभा सीट पर सिमट कर रह गईं। ऐसे दौर में जबकि यूपी में, सत्ताधारी बीजेपी के भीतर भी, ब्राह्मण बनाम ठाकुर की जंग चल रही है, ओमप्रकाश राजभर ने अलग बीड़ा उठाया है. और, ओबीसी-ब्राह्मण गठजोड़ की नींव उस आजमगढ़ में रखी है, जहां समाजवादी पार्टी का दबदबा है. वही समाजवादी पार्टी जिसकी PDA सोशल इंजीनियरिंग ने बीजेपी को लोकसभा चुनाव 2024 में पछाड़ दिया था।

महारैली करके ओमप्रकाश राजभर कह रहे हैं कि आने वाले चुनाव में आजमगढ़ की सभी 10 सीटें एनडीए के पास आ जाएंगी। फिलहाल आजमगढ़ के सभी 10 विधायक समाजवादी पार्टी के हैं। मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव को सांसद बना चुके आजमगढ़ के लोगों ने समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव को संसद भेजा है. और, जिले की दूसरी लालगंज सीट पर भी सपा का ही कब्जा है।

## घर में लगी भीषण आग ने छीनीं एक ही परिवार की 6 जिंदगियां, 6 महीने के जुड़वां बच्चे भी शामिल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में सोमवार देर शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के किदवई नगर में एक घर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी भीषण आग ने एक ही परिवार के 6 लोगों की जान ले ली।मृतकों में 5 बच्चे और एक महिला शामिल है।इस हादसे से पूरे इलाके में कोहराम मच गया है।

**कैसे हुआ हादसा ? :** जानकारी के अनुसार, किदवई नगर निवासी इकबाल के घर में सोमवार शाम अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ।देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि घर में कपड़े का काम होता है, जिससे आग तेजी से फैल गई। आग घर के निचले तल से शुरू होकर ऊपर की ओर पहुंची। इलाका काफी भीड़भाड़ वाला और गलियां संकरी होने की वजह से छत के रास्ते झुलसे लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### मासूमों की मौत से चारों तरफ मचा हाहाकार

मृतकों में जुड़वां बच्चे भी शामिल थे, जिनकी उम्र मात्र 6 माह से कम बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह और फायर ब्रिगेड की टीम ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन गंभीर रूप से झुलसने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। हादसे की जानकारी मिलते ही डीएम डॉ. वीके सिंह, एसएपी अविनाश पांडेय, विधायक रफीक अंसारी और गुलाम मोहम्मद अस्पताल पहुंचे। पीड़ित परिवार के सदस्यों से बातचीत की। परिवार ने पोस्टमार्टम से इंकार कर दिया।

## अब बच्चों के हाथ में नहीं दिखेगा मोबाइल, बनेगी सख्त कानून

**लोकतंत्र की आवाज**

**संवाददाता विनोद प्रसाद**



**पटना।** बिहार में बच्चों और किशोरों के बीच बढ़ती मोबाइल की लत को लेकर नीतीश सरकार अब 'एक्शन मोड' में है। विधानसभा में उठी गंभीर चर्चा के बीच सरकार ने इसे एक 'अदृश्य महामारी' माना है और अब बच्चों के स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करने के लिए एक सख्त पॉलिसी तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत न केवल स्कूलों में मोबाइल पर पाबंदी की चर्चा है, बल्कि घरों में भी बच्चों को डिजिटल लत से बचाने के लिए बेंगलुरु के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह के अनुसार, सरकार जल्द ही ऐसी गाइडलाइंस जारी करेगी जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को मोबाइल के चंगुल से बचाने में मील का पत्थर साबित होंगी। पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा से जदयू विधायक समृद्ध वर्मा ने सदन में यह मामला उठाया।उन्होंने सरकार से तय आयु वर्ग के लिए स्क्रीन टाइम की सीमा निर्धारित करने की मांग की।

राज्य की आईटी मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम बेहद गंभीर चिंता का विषय है। भारत सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए बिहार भी बहुविभागीय दृष्टिकोण अपनाएगा। सरकार ने बताया कि बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान से विशेषज्ञ सलाह मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद सभी संबंधित विभाग मिलकर मानक और गाइडलाइन तैयार करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस विषय पर व्यापक और ठोस नीति बनाने की दिशा में काम कर रही है। समृद्ध वर्मा ने बच्चों में स्क्रीन एडिक्शन को "अदृश्य महामारी" बताते हुए कहा कि मोबाइल पर रील्स देखने से डोपामाइन का प्रभाव बढ़ता है, जिससे बच्चों की एकाग्रता कमजोर होती है और वास्तविक जीवन नीरस लगने लगता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार करोड़ों बच्चों को एआई जैसी नई तकनीक सिखाने की योजना बना रही है, तो डिजिटल लत से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र भी जरूरी है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य संकट घोषित करने की मांग भी की।

विधायक ने सुझाव दिया कि स्कूल पाठ्यक्रम में 'डिजिटल हाइजीन' को शामिल किया जाए। साथ ही जिला स्तर पर एडिक्शन क्लीनिक खोले जाएं और जीविका दीदियों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए।

### ■ बिहार सरकार राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान से मांगी गई विशेषज्ञ सलाह

## प्रियंका गांधी की चुनावी रणनीतिः असम में जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**कामख्या।** प्रियंका गांधी का असम में चुनावी कार्य ।कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को असम में टिकट वितरण के कार्य में लगाया गया है, लेकिन वे चुनावी रणनीति बनाने में भी सक्रिय नजर आ रही हैं। टिकट वितरण के लिए अपनाए गए उनके तरीकों से कांग्रेस का चुनावी माहौल तैयार हो रहा है। प्रियंका को असम के लिए छंटनी समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है, जो कि नेहरू-गांधी परिवार के किसी सदस्य के लिए एक असामान्य जिम्मेदारी है। आमतौर पर उन्हें इतनी छोटी भूमिका नहीं दी जाती, लेकिन प्रियंका ने इस जिम्मेदारी को गंभीरता से लिया है और इसे पूरी मेहनत से निभा रही हैं।

प्रियंका ने छंटनी समिति के कार्य को गंभीरता से लिया है और वे जमीनी स्तर से रिपोर्ट प्राप्त कर रही हैं।उन्होंने जिला और प्रखंड समितियों से संभावित उम्मीदवारों के नाम मांगे हैं। इसके अलावा, पार्टी के पदाधिकारियों को छोटे संगठनात्मक स्तर पर बातचीत करने और उनकी राय लेने के लिए भी सक्रिय किया है। प्रियंका ने अपने विश्वसनीय सहयोगियों को विभिन्न क्षेत्रों में भेजा है, जैसे सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद को मुस्लिम बहुल इलाकों में और सप्तगिरी शंकर उलाका को आदिवासी क्षेत्रों में भेजा गया है।इन नेताओं के माध्यम से वे जमीनी रिपोर्ट इकट्ठा कर रही हैं और जीतने योग्य उम्मीदवारों का चयन कर रही हैं।प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई और प्रभारी जितेंद्र सिंह, जो राहुल और प्रियंका के करीबी हैं, के बावजूद प्रियंका केवल उनकी रिपोर्ट पर निर्भर नहीं कर रही हैं। यदि असम में कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा होता है, तो इसका कुछ श्रेय प्रियंका को अवश्य मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नवादा पुलिस ने सूमो विक्टा से किया भारी मात्रा में शराब बरामद



सुनील कुमार
**नवादा।** नवादा जिले के सिरदला प्रखंड अंतर्गत परनाडाबर थाना पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एसएच–70 स्थित रजौंध मोड़ के पास से 1800 लीटर महुआ शराब और एक सूमो भिक्टा वाहन जब्त किया। थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि बहुआरा भित्तिया के जंगली क्षेत्र से शराब की खेप लाई जा रही है। उनके निर्देश पर एसआई संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जांच शुरू की। पुलिस को देख चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। तलाशी में भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद हुई। इस मामले में परनाडाबर थाना कांड संख्या–31/26, धारा–30(ए) बिहार मद्यनिषेध अधिनियम 2016 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत छात्र-छात्राओं ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण



प्रदीप प्रसाद संवाददाता
**सिरदला (नवादा)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंदुआ के 80 छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस शैक्षणिक यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने राजगीर, नालंदा, कुंडलपुर तथा पावापुरी जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कर वहां की विरासत से परिचय प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इन स्थलों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों, राजगीर के प्राचीन स्थलों तथा पावापुरी के धार्मिक महत्व से बच्चों को अवगत कराया गया। इससे छात्रों को पाठ्यपुस्तक में पढ़ाए गए विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाध्यापक गुलाबचंद दास ने किया। उनके साथ शिक्षिका नीलम कुमारी, मनोरमा कुमारी, शिक्षक प्रकाश चंद्र, बिहारी बाबू, खुशबू पटेल एवं कमलेश कुमार की देखरेख में यह परिभ्रमण संपन्न हुआ। शैक्षणिक भ्रमण से छात्र–छात्राओं में उत्साह देखा गया तथा उनके ज्ञानवर्धन में सकारात्मक प्रभाव पड़ा। विद्यालय प्रबंधन ने इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### जानलेवा हमले का एक वांछित आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, भेजे गए जेल



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के छतनी गांव से पुलिस बलों ने सोमवार की रात जानलेवा हमला करने वाले एक वांछित आरोपी को गुप्त सूचना के आलोक में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान छतनी गांव निवासी कारू यादव के पुत्र सुरेश यादव के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि बीते वर्ष 2024 के 4 फरवरी की दोपहर छतनी गांव निवासी किशोरी यादव के पुत्र राज कुमार को गांव के ही 8 लोगों द्वारा धारदार टांगी से मारपीट कर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया था। साथ ही गले में रहे सोने के लॉकेट आदि भी छिन लिए गए थे। घटना को लेकर पीड़ित राज कुमार द्वारा थाने को लिखित आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 46/24 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के वांछित आरोपी सुरेश यादव तब से फरार चल रहा था, जिसे गुप्त सूचना पर सोमवार की रात एएसआई अरविंद पासवान एवं पुलिसबलों ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को मंगलवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# रजौली : एसबीआई रजौली में लंच ब्रेक के नाम पर घंटों गायब रहते हैं बैंक कर्मी, बदहाली और बदसलूकी से ग्राहक बेहाल

लोकतंत्र की आवाज

**ग्राहकों को विभिन्न काउंटरों पर भेज किया जाता है परेशान**



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** नगर क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा इन दिनों बैंकिंग सेवाओं के बजाय कर्मियों की मनमानी एवं ग्राहकों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर चर्चा में है। यहां बैंक कर्मियों के लिए निर्धारित भोजन का समय आम जनता के लिए भारी परेशानी का सबब बन चुका है, क्योंकि खाना खाने के नाम पर कर्मी अपनी सीटों से घंटों नदारद रहते हैं। मंगलवार को बैंक की अव्यवस्था उस वक्त उजागर हुई जब दोपहर करीब 1:30 बजे काउंटर नंबर 3 पर काम कराने पहुंचे ग्राहक मो. आशिक को कर्मी की अनुपस्थिति के कारण घंटों इंतजार करना पड़ा। पूछने पर ज्ञात हुआ कि उक्त काउंटर के कर्मी अविनाश कुमार भोजन के लिए बाहर गए हैं, जो करीब 2:45 बजे वापस लौटे। जब उनसे देरी का कारण पूछा गया, तो उन्होंने नियम का हवाला देते हुए आधे घंटे के लंच की बात कही, जबकि हकीकत में वे सवा घंटे से अधिक समय तक गायब रहे। बैंक की इस लचर कार्यप्रणाली का शिकार केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि बभनटोली निवासी कुमार मनीष देव जैसे कई लोग हैं। मनीष देव का 'योनो' ऐप पिछले सोमवार से बाधित था, जिसके समाधान के लिए उन्हें एक टेबल से दूसरे टेबल पर फुटबॉल की तरह दौड़ाया गया। बैंक मैनेजर नरेश बिनोद कुमार ने उन्हें काउंटर नंबर 4 पर भेजा, जहां से भरत कुमार ने उन्हें काउंटर नंबर 8 की राह दिखा दी। अंततः समाधान न होने पर जब ग्राहक पुनः मैनेजर के पास पहुंचा, तो समाधान के बजाय उन्हें यह कड़वा जवाब मिला कि 'क्या सारा काम मैनेजर ही करेगा' मैनेजर की इस बेरुखी और अन्य कर्मियों की टालमटोल की नीति से तंग आकर पीड़ित ग्राहक ने घटना की लिखित व दूरभाष के माध्यम से क्षेत्रीय प्रबंधक, उप प्रबंधक एवं प्रधान कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। बैंक में मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी एक सुर में आरोप लगाया कि यहां कर्मियों की मनमानी चरम पर है और काउंटर पर मौजूद लोग ग्राहकों की समस्याओं को सुनने के बजाय उन्हें गुमराह करने में लगे रहते हैं। इस पूरे प्रकरण पर संज्ञान लेते हुए स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज कुमार ने आश्वासन दिया है कि वे शाखा प्रबंधक से विस्तृत जानकारी लेकर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि ग्राहकों को भविष्य में इस तरह की मानसिक प्रताड़ना का सामना न करना पड़े।

## बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ हिसुआ द्वारा वार्षिक कैलेंडर 2026 का लोकार्पण





लोक तंत्र की आवाज

**हिसुआ (नवादा)।** बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की प्रखंड इकाई, हिसुआ द्वारा वार्षिक कैलेंडर 2026 का भव्य लोकार्पण किया गया। यह कार्यक्रम हिसुआ के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में आयोजित हुआ, जहाँ शिक्षा और शिक्षक हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड सचिव सनोज कुमार ने किया। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अवकाश तालिका, डायरी और बुके भेंट कर सम्मानित किया और विधिवत रूप से कैलेंडर का लोकार्पण कराया। समारोह में प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, प्रखंड सचिव सनोज कुमार, राज्य स्तरीय सदस्य नंद किशोर प्रसाद एवं अश्विनी कुमार वर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शिक्षक अशोक कुमार और अनिरूध्द कुमार सहित संघ के कई अन्य सदस्य भी शामिल हुए। संघ द्वारा जारी इस कैलेंडर में वर्ष 2026 के लिए बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित अवकाशों की स्पष्ट जानकारी दी गई है, जिससे शिक्षकों को अपने शैक्षणिक कार्यों की योजना बनाने में सुविधा होगी।

## शैक्षणिक परिभ्रमण के तहत राजगीर एवं पावापुरी का छात्राओं ने किया भ्रमण



लोक तंत्र की आवाज

**कौआकोल।** बिहार शैक्षिक दर्शन 2025-26 के अंतर्गत प्रखंड के गायत्री प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय कौआकोल की छात्राओं ने सोमवार को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत राजगीर एवं पावापुरी का भ्रमण किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि परिभ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा के बाहर भी व्यावहारिक ज्ञान देना था, ताकि वे ऐतिहासिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय स्थलों को नजदीक से देख सकें। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को नालन्दा जिला के प्रसिद्ध पावापुरी मंदिर, राजगीर के शांति स्तूप, नालन्दा खंडहर आदि ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराकर उसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों का पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न, प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का हुआ वितरण

लोक तंत्र की आवाज



**कौआकोल।** प्रखंड के जेपी आश्रम सोखोदेवरा में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल के बैनर तले चल रहे उर्वरक अनुज्ञप्तिधारकों के समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने प्रशिक्षण के समापन उपरांत सभी प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि उर्वरक डीलर ही गांव में किसान के सलाहकार हैं। उन्होंने उनसे प्रशिक्षण में सीखे गए गुर से किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करने को कहा। पन्द्रह दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिकों ने उर्वरक डीलरों से मिट्टी जांच कराकर किसानों को उर्वरक की अनुशंसा करने की भी बात कही। उन्होंने किसानों को सही जानकारी देने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि उन्हें गलत जानकारी ना दें। उन्होंने रासायनिक के साथ-साथ जैविक उर्वरक का प्रयोग कर मिट्टी को बचाने एवं सुरक्षित रखने की बात कही। मौके पर रौशन कुमार, शशांक शेखर सिंह, अंगद कुमार आदि मौजूद रहे।

## होली एवं रमजान को लेकर कौआकोल थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित, पर्व में हुड़दंग मचाने वालों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर

लोक तंत्र की आवाज



**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में मंगलवार को रमजान एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास वातावरण में मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सीओ मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में अधिकारियों ने कहा कि कोई भी पर्व और त्योहार आपसी सद्भाव एवं प्रेम का प्रतीक होता है न कि समाज में हुड़दंग मचाने के लिए। हमें चाहिए कि कोई भी त्योहार चाहे वह किसी भी समुदाय और सम्प्रदाय का हो उसे आपसी गले शिकवे को मिटाकर मनाना चाहिए। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दरम्यान हुड़दंग मचाने वालों की खैर नहीं होगी। पुलिस प्रशासन वैसे तत्वों के साथ पूरी कड़ाई व सख्ती से निपटेगी। पुलिस प्रशासन की वैसे लोगों पर पैनी निगाह रहेगी, जो शांति को भंग करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्व के दरम्यान शराब का सेवन करने वालों व शराब का धंधा करने वालों के विरुद्ध भी सख्ती जारी रहेगी। वहीं बैठक के दौरान अधिकारियों में मौजूद लोगों से इलाके में विधि व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया। तथा संवेदनशील इलाकों में व्यापक प्रशासनिक इंतजाम करने की बात कही। मौके पर बैठक में 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, उपाध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा, रालोमो नेता विनय कुशवाहा, नवल पासवान, बिनोद यादव, चन्द्रिका प्रसाद, गोपाल रजक, रघुनन्दन महतो आदि मौजूद थे।

## हरदिया के स्वच्छताकर्मियों को नहीं मिला 18 माह से पैसा, बढ़ी परेशानी, बीडीओ ने होली के पूर्व भुगतान का दिया आश्वासन

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा
**रजौली।** रजौली प्रखंड के हरदिया पंचायत के लोहिया स्वच्छता कर्मियों को 18 महीने से वेतन नहीं मिलने से स्वच्छता कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय आकर बीडीओ संजीव झा से मिले। स्वच्छता कर्मियों ने अपना दुःख प्रकट करते हुए बताया कि अगले सप्ताह में होली का त्यौहार है और पैसों के बिना वे बच्चों संग रंगों का त्यौहार कैसे मना पाएंगे। स्वच्छता कर्मियों में रहे सतीश राजवंशी, गणेश कुमार, सनोज राजवंशी, चंद्रदेव राजवंशी, बाबूलाल मांझी, पंकज कुमार राजवंशी, बबली देवी, बेबी देवी, गणेश राजवंशी, बबलू राजवंशी सहित कई कर्मी मंगलवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि वे पिछले 18 महीने से वेतन के लिए भटक रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें वेतन नहीं मिला है। वेतन भुगतान नहीं होने पर स्वच्छताकर्मियों में ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं बीडीओ के विरोध कड़ा आक्रोश देखा गया। उन्होंने बताया कि वे अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं और उनके बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। स्वच्छता कर्मियों ने बताया कि वे अपनी मांगों को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रखेंगे और जब तक उन्हें उनका वेतन नहीं मिल जाता, वे चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि वे अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे और अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस संबंध में बीडीओ संजीव झा ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों का बकाया भुगतान होली के पूर्व किए जाने की बात कही है। उन्होंने बताया कि वे जल्द ही स्वच्छता कर्मियों के वेतन का भुगतान कराने का प्रयास करेंगे।

# नरहट सीएचसी में एचआरपी फॉलोअप पर गहन समीक्षा बैठक

लोक तंत्र की आवाज

**नरहट (नवादा):** ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। मंगलवार को हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने की, जिसमें एएनएम, जीएनएम, सीएचओ एवं आशा फैसलिटेटर के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का फोकस हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं के फॉलोअप पर रहा, जो मातृ मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**सक्रिय सहभागिता वाले प्रमुख सदस्य:** पिरामल प्रतिनिधि मंतोष कुमार, समेकित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी श्री मति ज्योति सिन्हा, स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक संजय कुमार, परिवार नियोजन कार्यकर्ता मंटू कुमार, डब्लू एच ओ प्रतिनिधि विष्णु कान्त पाण्डेय तथा डाटा ऑपरेटर सुनील कुमार ने विचार-विमर्श में योगदान दिया। डॉ. ओम प्रकाश ने बैठक की शुरुआत में कहा एचआरपी महिलाओं का फॉलोअप हमारी प्राथमिकता है। कोई चूक बर्दाश्त नहीं होगी।



**बैठक में मुख्य चर्चा एवं निर्णय :** एएनसी एवं उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप सेवाओं की समीक्षा में पाया गया कि उच्च जोखिम वाली महिलाओं का 50 प्रतिशत फॉलोअप सुनिश्चित है, लेकिन शेष पर विशेष निगरानी जरूरी। प्रत्येक एएनएम को साप्ताहिक रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिया गया। डिजिटल स्वास्थ्य डिवाइस एमआईडीएच के खराब होने से डाटा संग्रह प्रभावित हो रहा है। तत्काल मरम्मत हेतु जिला स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया ताकि इसकी मरम्मती का काम हो सके। सभी सदस्यों को बोला गया कि आप लोग अगले बैठक मे आपलोग अपना अपना एमआईडीएच डिवाइस जो कार्यरत नहीं है उसे लेकर आएंगे।

**आयरन सुक्रोज इंजेक्शन देना करें सुनिश्चित :** एनीमिया रोकथाम के लिए इंजेक्शन का उपयोग करने के लिए सभी डॉ एवं एएनएम को बोला गया कि 9 ग्राम से कम वाले सभी गर्भवती महिलाओ को आयरन सुकरोज का इंजेक्शन देना सुनिश्चित करें ताकि प्रसव के समय परेशानी से बचा जा सके, साथ ही स्टॉक चेक कर रिफिल सुनिश्चित करने के आदेश दिया गया।

**परिवार नियोजन पखवाड़ा:** 23 फ़रवरी 5 मार्च तक दम्पति संपर्क पखवाड़ा 6 मार्च से 20 मार्च तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा इसके लिए सभी फसलिटेटर को निर्देश दिया गया कि एक फसलिटेटर को 2 पुरुष नसबंदी, प्रत्येक आशा को दो महिलाओ बंध्याकरण, दो स्त्र्त्र४ूा, दो ४ूा, दो अंतरा, 20 माला ठ, 20 छाया तथा 50 निरोध का लक्ष्य दिया गया। आगामी पखवाड़े के लिए जागरूकता रैली, कैंप का आयोजन किया जाना है जिसकी जानकारी सभी को दी गयी। बैठक के अंत में डॉ. ओम प्रकाश ने सभी को बधाई दी तथा कहा, ₹हमारा संकल्प है- स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु।

## प्रदेश अध्यक्ष माता के श्रद्धा-क्रम में डा मनीष पकंज मिश्रा ने श्रद्धांजलि अर्पित की

लोकतंत्र की आवाज



गया जी। बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शसंजय सरावगी के पूज्य माताजी के श्रद्धा-क्रम में भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा उपस्थित होकर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संजय सारावगी से मुलाकात की तथा उनकी माताजी के भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि माता का स्थान जीवन में सर्वोपरि होता है। उनके आशीर्वाद, संस्कार और त्याग से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। माताजी का स्नेह, सरलता और आध्यात्मिक प्रवृत्ति परिवार ही नहीं, समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत रही है। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में हम सभी भाजपा परिवार के सदस्य प्रदेश अध्यक्ष और उनके परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। डॉ. मिश्रा ने कहा कि माताजी के आदर्श और संस्कार सदैव हम सभी को सेवा, समर्पण और समाजहित के मार्ग पर अग्रसर करते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### होली से पहले लखनऊ में मिला छह क्विंटल मिलावटी और बदबूदार खोया, छापेमारी में 25 हजार लीटर घटिया तेल भी बरामद



रत्ना

**लखनऊ।** होली से पहले बड़ी मात्रा में बाजार में घटिया और मिलावटी सामान खपाने की तैयारी है। कहीं पर घटिया खाद्य तेल बेचने की तैयारी थी तो कहीं पर मिलावटी खोया मंडी में बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को शहर के अलग अलग क्षेत्रों में छापे मारकर तीस हजार किलोग्राम से अधिक की मिलावटी और घटिया सामग्री बरामद की। विभाग ने 32 नमूने जांच के लिए उठाए हैं। होली से पहले बड़ी मात्रा में बाजार में घटिया और मिलावटी सामान खपाने की तैयारी है। कहीं पर घटिया खाद्य तेल बेचने की तैयारी थी तो कहीं पर मिलावटी खोया मंडी में बेचा जा रहा था। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मंगलवार को शहर के अलग अलग क्षेत्रों में छापे मारकर तीस हजार किलोग्राम से अधिक की मिलावटी और घटिया सामग्री बरामद की। विभाग ने 32 नमूने जांच के लिए उठाए हैं।

### लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली खाईं में पलटी, ठेकेदार की मौत; शाहाबाद में हुआ हादसा

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई।

**हरदोई।** सड़कों पर दौड़ रहे ओवर लोड वाहन हादसे का कारण बन रहे हैं। शाहाबाद में रेभा मुरादपुर के पास मंगलवार की सुबह लकड़ी लादकर जा रही ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। हादसे में लकड़ी ठेकेदार की दबकर मौत हो गई है। शाहाबाद के मुहल्ला बरुआ बाजार के रफीक मंगलवार की सुबह टुमुर्की गांव की तरफ से ट्रैक्टर-ट्राली में लकड़ी लदवाकर भट्ठे पर ले रहे थे। रास्ते में रेभा मुरादपुर गांव के निकट ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली के होने से चालक संतुलन खो बैठा। जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर खाईं में पलट गई। ट्रैक्टर पर सवार रफीक दबकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलावस्था में एंबुलेंस से सीएचसी भेजा। चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर स्वजन सीएचसी में आ गए।कोतवाल अरविंद राय ने बताया कि ओवर लोड होने के कारण हादसा होने की बात सामने आई है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हरदोई : नशे में बस मोड रहे चालक ने किसान को रौंदा, मौत

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता हरदोई

**हरदोई।** नशे में बस चलाकर चालक ने एक जान ले ली। सुरसा के मोहमपुरवा में सोमवार देर शाम नशे में बस मोड़ते समय चालक ने पीछे खड़े किसान को रौंदा दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। चालक बस लेकर फरार हो गया। पुलिस ने दूसरे दिन बस को बरामद कर चालक को हिरासत में लिया है। सुरसा के ग्राम मोहकमपुरवा के बबलू सोमवार की देर शाम खेत तरफ जा रहे थे। गांव के मनोज वर्मा के पौत्र के मुंडन कार्यक्रम में रिश्तेदार निजी बस से आए थे। नशे में धुत चालक ने बस चालू की और मोड़ने लगा। बस के पीछे जा रहे बबलू की तरफ चालक ने ध्यान नहीं दिया। चालक ने बस बबलू के ऊपर चढ़ा दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। जानकारी होने पर स्वजन बबलू को अस्पताल लेकर पहुंचे,चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बबलू के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बच्चे हैं। थाना प्रभारी सुशील मिश्रा ने बताया कि मंगलवार की सुबह बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उरई : जिलाधिकारी ने प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक कर, बैंकों की प्रगति और विस्तार पर चर्चा कर निर्देश दिए

## युवा उद्यमिता को मिलेगी नई रफ्तार, लंबित प्रकरण तीन दिन में निस्तारित करें बैंक: डीएम

● युवा उद्यमिता योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, बैंकों को तीन दिन में लंबित प्रकरण निस्तारण का अल्टीमेटम

लोक तंत्र की आवाज

यश प्रताप

**उरई** / जनपद में स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति को गति देने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर ढिलाई क्षम्य नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र युवाओं को 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए चार वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण एवं परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल कागजी लक्ष्य पूर्ति के लिए नहीं, बल्कि युवाओं के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाने के लिए है, इसलिए बैंक अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं और लंबित प्रकरणों का निस्तारण तीन दिन के भीतर सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले स्वीकृति एवं वितरण की स्थिति संतोषजनक नहीं है और बड़ी संख्या में आवेदन अस्वीकृत एवं लंबित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अस्वीकृत आवेदनों की पुनः समीक्षा की जाए और पात्र अभ्यर्थियों को दोबारा अवसर प्रदान किया जाए। विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक की धीमी प्रगति पर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई। इसी प्रकार इंडियन बैंक और ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त को भी लंबित मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद युवाओं और छोटे व्यापारियों तक समय से पहुंचे, यह सुनिश्चित करना बैंकिंग तंत्र की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान भी विभिन्न बैंकों में आवेदन एवं वितरण लंबित पाए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रेहड़ी-पटरी एवं सूक्ष्म व्यापारियों के हितों से जुड़ी इस योजना में अनावश्यक विलंब न किया जाए। सभी बैंक लंबित आवेदनों के परीक्षण एवं स्वीकृति की प्रक्रिया में पारदर्शिता और तत्परता बरतें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह, उपायुक्त उद्योग धर्मेंद्र कुमार भास्कर, एलडीएम अनुराग सक्सेना सहित विभिन्न बैंक प्रबंधक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।




## बर्खास्त शिक्षक कृष्ण मोहन ने की आत्महत्या, बीएसए व बाबू पर मुकदमा दर्ज



लोक तंत्र की आवाज

**देवरिया/गोरखपुर।** देवरिया जनपद के बर्खास्त शिक्षक कृष्ण मोहन द्वारा गोरखपुर में आत्महत्या किए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बताया जा रहा है कि कृष्ण मोहन ने गोरखपुर में आत्मघाती कदम उठाया। मामले में उनके परिजनों की तहरीर पर गोरखपुर के गुलहरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर में देवरिया की बीएसए शालिनी और लिपिक (बाबू) संजीव सिंह को नामजद किया गया है।

**प्रताड़ना के आरोप:** परिजनों का आरोप है कि शिक्षक विभागीय प्रताड़ना से परेशान थे। एक कथित सुसाइड नोट और वीडियो भी सामने आया है, जिसमें विभागीय उत्पीड़न का जिक्र होने की बात कही जा रही है। हालांकि, पुलिस द्वारा इन दस्तावेजों की सत्यता की आधिकारिक पुष्टि की जानी बाकी है।

**बहाली के नाम पर वसूली का आरोप:** मामले में यह भी आरोप है कि बहाली के नाम पर शिक्षकों से मोटी रकम की मांग की गई। दावा किया जा रहा है कि तीन शिक्षकों से करीब 80 लाख रुपये लिए गए। इन आरोपों की जांच की मांग तेज हो गई है।

**डीएमकी सख्ती:** दिव्या मित्तल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बीएसए के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है। जानकारी के मुताबिक, डीएम ने हाईकोर्ट के आदेश का समय से पालन न करने पर सवाल उठाए और बीएसए के निलंबन की संस्तुति शासन को भेजी है। वहीं, बाबू संजीव सिंह को घटना के बाद निलंबित कर दिया गया है।

**हाईकोर्ट के आदेश पर सवाल:** सूत्रों के अनुसार, हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में देरी को लेकर भी प्रशासन सख्त रुख में है। डीएम ने पूछा है कि आखिर न्यायालय के निर्देशों का समय से पालन क्यों नहीं किया गया। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है। सुसाइड नोट, वायरल वीडियो और वित्तीय लेन-देन के आरोपों की जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बिजनौर राशन डीलर डाल रहे गरीब राशन कार्ड धारकों के राशन पर डाका

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** नगर व तहसील क्षेत्र में आजकल राशन डीलरों की मनमानी से जनता में परेशानी का सबक बना हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा खाद्यान सामग्री वितरण में प्रति यूनिट 5 किलो राशन जिसमें 3 किलो चावल, व 2 किलो गेहूं देने का प्रावधान है, परंतु यह राशन डीलर ग्रामीण क्षेत्रों में 4 किलो, व शहरी क्षेत्र में 4-30 किलो राशन ही वितरण कर रहे हैं, यहां पर खुलेआम हो रही भ्रष्टाचारियों को कोई रोकने को तैयार नहीं है जनमानस का कहना है कि राशन डीलर द्वारा यह बड़ी चोरी किसके संरक्षण में की जा रही है तमाम उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह राशन डीलर से इस बात की शिकायत करते हैं तो राशन डीलर उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने से भी बाज नहीं आते, इन खाद्य सामग्री विक्रेताओं के हौसले इतने बुलंद है कि यह धडेले से बिना किसी डर के इस कार्य को खुलेआम कर रहे हैं जनमानस ने जिलाधिकारी बिजनौर जिला पूर्ति अधिकारी बिजनौर से इस मामले में प्रभावी कार्यवाही की मांग की।



## लखनऊ : कहां जा रहा है भविष्य कैसे होगा बेड़ा पार

लोक तंत्र की अवाज

रत्ना

**लखनऊ।** हर क्षेत्र में राजनीति का चक्कर कर दिया एजुकेशन से लेकर धार्मिक स्थान से लेकर अस्पताल से लेकर शिक्षा विभाग से सभी क्षेत्रों को राजनीतिक का क्षेत्र बनाया जा रहा है अगर कोई परहेज बहुत ज्यादा सीरियस केस में हॉस्पिटल आता है बड़ी दिक्कतों के साथ उसकी ऑपरेशन का दिन निर्धारित की जाती है नहीं तो वह चक्कर लगाते रहता है फिर एक रास्ता उसके पास आता है राजनीतिक का फिर वह मंत्रियों के यहां चक्कर लगाता है क्यों ऐसा हो रहा है सरकार उन्हें तनख्वाह देता है वह एक डॉक्टर के पद पर अस्पताल में बैठे हैं वह मरीज के पेपर देखकर ही जान सकते हैं इस व्यक्ति को किस दिन निर्धारित किया जाए ऑपरेशन के लिए लेकिन ऐसा नहीं होता क्यों हर जगह पर आउटसोर्सिंग की नौकरी कर दी गई ना कोई एंट्रेंस एग्जाम ना कोई इंटरव्यू ना कोई ट्रेनिंग सिलेक्शन हो गया इंजेक्शन लगाने आता है कि नहीं आता है मरीज छटपटा रहा है गलत दवाई गलत इंजेक्शन तमाम सारे अस्पतालों का यह चर्चा में है और भी बहुत सारी बातें हैं कानून व्यवस्था जरूरी नहीं की हर एक आदमी गलत हो जरूरी नहीं है कि हर एक औरत ही गलत हो पर तारीख पर तारीख पे तारीख मिल-मिल के चक्कर लगाते लगाते आदमी थक जाता है और वह अपनी जिंदगी खत्म कर लेता है क्यों नहीं फैसला कर दिए जाते हैं किसी को हम जबरदस्ती कोई चीज नहीं कर सकते उसके बाद जब कोई क्रीम होता है तो फिर कानून वही फिर सजा पे निर्धारित करता है फिर वही प्रश्न क्यों जहां तक सुनने में आ रहा है बच्चे 18 साल के अंदर रोक लगाया गया है फिर भी गाड़ियां चलाते हैं रफ्तार में चलते हैं बहुत सारे स्कूल के ड्रेस में बच्चों को पाया जाता है सिगरेट पीते हुए स्कूल में इतने सारे हाथ से हो रहे हैं शिक्षा विभाग में हो रहा है फिर वही प्रश्न क्यों तमाम बातें हैं तमाम उलझनें है प्रदेश तो बस मंदिर तोड़ो मंदिर बना रस है पंडित लाडो किसी को नहाने नहीं देने जाएगा कोई प्रमाण पत्र लेकर आए यह सब क्या है यह कब तक चलेगा अर्थव्यवस्था इतना गड़बड़ा गया है उत्तर प्रदेश में नौकरियों की कमी आ गई है लोग कहां जाए फिर प्रश्न हमरा वही आता है आखिर क्यों कैसे खोजा जाए कैसे किया जाए समाधान सबके बीच में एक ही उत्तर दिखता है शिक्षा व्यवस्था को पहले की तरह बढ़ाया जाए शिष्टाचार को फिर से लाया जाए अपनी संस्कृति को फिर से जगाया जाए देश अपने उत्तर प्रदेश में जो हमारा भाषा शैली है उसको बढ़ाया जाए यह मेरा मानना है आपका उत्तर क्या है।



## बिजनौर एससी आयोग सदस्य की सख्त चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट पायल कुमारी

**बिजनौर।** नगीना में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य महिपाल सिंह वाल्मीकि ने सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचकर सफाई कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सफाई कर्मचारियों का किसी भी स्तर पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोपहर में आयोजित बैठक के दौरान कई सफाई कर्मचारियों ने आयोग सदस्य के समक्ष अपनी शिकायतें रखीं। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि कुछ अधिकारियों
एवं लिपिकों द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है और उत्पीड़न किया जाता है। एक कर्मचारी ने सफाई निरीक्षक पर अभद्र भाषा प्रयोग करने तक का आरोप लगाया। इस पर आयोग सदस्य ने सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा को कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिपाल सिंह वाल्मीकि ने कर्मचारियों से कहा कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी उनके साथ दुर्व्यवहार करता है। तो वे सीधे उन्हें फोन पर अवगत कराएं। वे मामले को संज्ञान में लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए भेजा है। उन्होंने कर्मचारियों से अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और अन्य व्यवसायों में आगे बढ़ाने का आन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से समाज तेजी से प्रगति कर रहा है और शासन की मंशा है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का भी समग्र विकास हो। बैठक में वार्ड सभासद कपिल पवार, मुख्य लिपिक इफ्तिखार हुसैन सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## लखनऊ : चार वर्षों में बदली है विधायिका की धारणा', बजट सत्र खत्म होने के बाद बोले सतीश महाना

लोक तंत्र की अवाज़

रत्ना

**लखनऊ।** विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बजट सत्र खत्म होने के बाद मंगलवार को प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि पिछले चार वर्षों में प्रदेश की विधायिका को लेकर समाज में बनी नकारात्मक धारणा में बड़ा बदलाव आया है। एक समय था जब विधान सभा की कार्यवाही को लेकर लोगों के मन में नकारात्मक छवि बन गई थी, लेकिन अब सदन गंभीर और सार्थक चर्चाओं का केंद्र बन चुका है।महाना ने कहा कि अब सदन में मुद्दों पर विस्तृत बहस होती है और पक्ष-विपक्ष दोनों अपनी बात मजबूती से रखते हैं। विशेष मौकों पर सदन 24 से 36 घंटे तक लगातार चला है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने का संकेत है। उन्होंने बताया कि इस बार के बजट सत्र में भी सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे से शुरू होकर तक रात नौ-नौ, 10-10 बजे तक चली है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सदस्यों ने जनहित के मुद्दे उठाए और उन पर गंभीरता से चर्चा की।साल में 90 दिन सदन न चल पाने के सवाल पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन का बिजनेस सरकार तय करती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधान सभा की कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी होगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी।



## पीआईबी लखनऊ की ग्रामीण मीडिया कार्यशाला में 'विकसित भारत-जी राम जी कानून' पर चर्चा

लोकतंत्र की आवाज

करीम खान

**गोण्डा।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) लखनऊ द्वारा जनपद गोण्डा के जिला पंचायत सभागार में 'विकसित भारतझजी राम जी कानून' विषय पर ग्रामीण मीडिया कार्यशालाझवार्तालाप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाल में संसद द्वारा पारित इस विधेयक तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के संकल्पों पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि गौरा विधानसभा के विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि 'विकसित भारतझजी राम जी कानून' भारत सरकार की सराहनीय पहल है, जो पुरानी योजनाओं की कमियों को दूर करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहायक होगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मार्गों के विस्तार से राजधानी से प्रदेश और प्रदेश से जिलों का बेहतर संपर्क स्थापित हुआ है, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' जैसे संवादों से गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के विकास को बल मिला है तथा मीडिया जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर आमजन को लाभ पहुंचा रही है। कार्यक्रम के संयोजक एवं पीआईबी तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो, उत्तर प्रदेश के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि यह विधेयक सेवा, सुशासन और समृद्धि की अवधारणा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाना और गांवों के सर्वांगीण विकास को गति देना है। उन्होंने इसे महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर गांव के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया। पी.डी.एस. उपायुक्त श्रम रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव ने कहा कि विधेयक रोजगार गारंटी बढ़ाने, स्थानीय नियोजन लागू करने, श्रमिक सुरक्षा एवं कृषि उत्पादकता के संतुलन तथा योजनाओं के एकीकरण के माध्यम से ग्रामीण आजीविका में व्यापक परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखता है। वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी ने बताया कि यह प्रावधान प्रति वित्तीय वर्ष पात्र ग्रामीण परिवारों को 125 दिन के मजदूरी रोजगार की गारंटी देता है, जो पूर्व के 100 दिन से अधिक आय सुरक्षा प्रदान करेगा। इंडियन बैंक के उप आंचलिक प्रबंधक संदीप कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य वंचित वर्गों को किफायती बीमा और पेंशन सुरक्षा प्रदान कर वित्तीय लचीलापन बढ़ाना है। इंडियन बैंक द्वारा संचालित वित्तीय समावेशन कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने मीडिया से ग्रामीण विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया, ताकि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।




## बिजनौर गोवंशों की हत्या करने वाले कसाइयों को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट महताब अहमद

मंडावर मे रविवार की देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी मे गोमान्स ले जा रहे दो लोगो को गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया ! रविवार की देर रात साढ़े ग्यारह बजे के करीब क़स्बा इंचार्ज रामवतार सिंह, दरोगा मनोज कुमार पुलिस टीम के साथ बिजनौर रोड पर लालपुर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे !इसी दौरान उन्होंने बिजनौर की तरफ से आ रही सेंट्रो कार को रोक लिया कार रुकते ही उसमे सवार दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने दोनों को दबोच लिया !कार की तलासी के दौरान पुलिस को कार से चौरानवे किलो गोमास मिला पकडे गए दोनों आरोपित वसिम कुरैशी उर्फ़ बब्लु व मुन्ना शेख निवासी बक्शीवाला थाना कोतवाली शहर ने पुलिस पूछताछ मे बताया की उन्होंने अपने दो साथी अहसान निवासी कलहेड़ी जलालावाद व राजकुमार निवासी गंगावाला थाना किरतपुर के साथ मिलकर गाँव गंगावाला के जंगल मे एक गोवंशीय बछड़े का बध किया था !जिसके बाद अहसान ने उन्हें अपनी फ्रिजर गाडी मे लाकर उन्हें बक्शीवाला मे सौपा गया था !गाँव कामराजपुर थाना नांगल सोती निवासी नासीर कुरैशी द्वारा उनसे गोवशीय मास मंगवाया गया था ! वह गिवंशीय मांस को कामराजपुर नासीर कुरैशी को देने जा रहे थे !थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कार से चौरानवे किलो गोवंशीय मास बरामद किया गया था !कार को सीज करते हुए दोनों आरोपित वसीम कुरैशी व मुन्ना शेख का चलान कर कोर्ट मे पेश किया गया था जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है !



## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है



लोकतंत्र की आवाज
गया जी। इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है इसकी अध्यक्षता सीमा भदानी ने की जिसमें उनका साथ स अध्यक्ष स्मिता भदानी, कोषाध्यक्ष कंचन कुमार,आई एस ओ प्रीति कुमारी, एडिटर शिवानी वर्णवाल ने दिया है। कार्यक्रम की शुरुआत जनरल मीटिंग से हुई जिसमें सभी पीठासीन पदाधिकारी अपने-अपने कार्यो की विस्तृत जानकारी दीं है । संयोगवश उसी दिन सी जी आर शिखा रानीजी का जन्मदिन था तो उनके हाथों केक कटवाया गया है। सभी सदस्य एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दीं है। फिर गेम का आयोजन हुआ जिसमें सदस्यों ने भाग लिया और विजयी भी हुई ।होली के गानों पर सभी क्लब सदस्यों ने झूमकर नृत्य भी किया है। अंत में होली दावत का भी लुत्फ़ उठाया है । इस कार्यक्रम में पी पी आशा मित्तल,प्रेमलता भदानी, शोभा कांधवे, चन्द्रलेखा प्रसाद, प्रभादेवी, निशा सेठ और बाकी सदस्यों ने भी खूब जमकर मस्ती किया ।हमारा इनर व्हील क्लब कभी समाजसेवा ,तो कभी मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित करता रहता है ताकि सदस्यों में एकजुटता और समरसता बनी रहे हैं ।इसकी जानकारी क्लब एडिटर ने दिया है।

### जिला जनता दरबार में 6 आवेदनों पर सुनवाई, त्वरित कार्रवाई के दिए गए निर्देश




लोक तंत्र की आवाज
सुपौल। समाहरणालय में सोमवार को जिला प्रशासन सावन कुमार के आदेश अनुसार उप विकास आयुक्त सारा असरफ ने आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित किए जाने वाले जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों और क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गयी. जिला जनता दरबार में कुल 6 आवेदन प्राप्त हुए, उप विकास आयुक्त सारा असरफ ने सभी आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करने का स्पष्ट निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर देना है, ताकि उनका समाधान समयबद्ध तरीके से हो सके. उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि हर आवेदन की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और आवेदकों को कार्रवाई की जानकारी दी जाए. जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की. कई फरियादियों ने कहा कि उन्हें अपनी बात सीधे अधिकारियों तक रखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ी है. कुछ मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर प्रक्रिया शुरू कर दी गई. उप विकास आयुक्त सारा असरफ ने का कहना है कि जनता दरबार का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा, ताकि आम लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान हो सके और प्रशासन व जनता के बीच विश्वास मजबूत हो.

# भक्ति से मुक्ति, मोक्ष की प्राप्ति संभव है : आगमानंद जी महाराज

लोकतंत्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती,सुंदरपुर कृषि फॉर्म शाखा मैदान में स्वामी आगमानंद महाराज के सानिध्य में श्री श्री 1008 महारुद्र यज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ थी। पीठाधीश्वर स्वामी आगमानंद जी महाराज ने बताया कि भक्ति से मुक्ति, मोक्ष, ईश्वर की प्राप्ति होती है। भगवान की महिमा अपरंपार है।ईश्वर की महिमा कोई जान, समझ नहीं सकता है। मानव जीवन संसार के तमोगुण को प्राप्त कर अनेकों दुःख को सहता है। दुखो को न्यूनतम करने का प्रयास करना चाहिए। कथा प्रसंग में बालक ध्रुव की कथा का वर्णन करते हुवे कहा कि बालक ध्रुव को तपस्या के मार्ग में अनेकों प्रकार का कष्ट हुआ। ईश्वर भी भक्तों की परीक्षा लेते हैं। सभी बाधाओं को सहते हुवे बालक ध्रुव अपनी तपस्या में लीन रहा ।तपस्या के प्रभाव से भगवत प्राप्ति हुई। स्वामी आगमानंद जी महाराज ने ईश्वर प्राप्ति का साधन तपस्या के साथ श्रीमद्भागवत महापुराण के श्रवण की महिमा का आख्यान भी संगीत मय प्रस्तुति के साथ किया।






ज्ञात हो कि यज्ञाचार्य पंडित अनिरुद्ध शास्त्री के नेतृत्व में वैदिक विद्वानों द्वारा कराए जा रहे हवन पूजन से क्षेत्र में वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। मुख्य जजमान राज आनंद, सिंपी कुमारी, अनिल कुमार साह, रेखा देवी, पप्पू मंडल, श्वेता देवी सहित अन्य यजमान हवन पूजन में लगे रहे। रात में वृंदावन से संतोष आचार्य के नेतृत्व में आई रामलीला मंडली के द्वारा अनेकों प्रकार की भक्ति लीला का संगीतमय प्रस्तुति दी गई ।जिसे देखने लोगो की भीड़ देर रात तक डटी हुई थी। प्रमुख रश्मि कुमारी, स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, स्वामी मानवानंद महाराज, कुंदन बाबा, स्वामी तत्वानंद, यज्ञ समिति के अध्यक्ष पप्पू साह, सचिव रंजीत पासवान, उपाध्यक्ष गुंजन साह, उपसचिव अनिल राय व ऋषिकेश सिंह, कोषाध्यक्ष रोहित पासवान, उप कोषाध्यक्ष सूरज कुमार, अजय तांती, रविन्द्र पासवान, गुड्डू तांती, प्रदीप पासवान, कमलेश कुमार, अरविंद पासवान, श्रवण कुमार, कुशल राज आदि नेतृत्व कर रहे थे।

## सुपौल में निगरानी विभाग की टीम ने 20 हजार रिश्वत लेते सर्वे अमीन विक्रम को किया गिरफ्तार, दफादार से मांगे थे 50 हजार



लोक तंत्र की आवाज

**सुपौल।** सुपौल जिले से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है. निगरानी विभाग की टीम ने एक सर्वे अमीन को 20000 घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है. निगरानी की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है. दरअसल आपको बता दे की जिले के निर्मली नगर के वार्ड संख्या 1 स्थित नाग मंदिर के पास मंगलवार को निगरानी विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सर्वे अमीन विक्रम कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया. जानकारी के अनुसार, मरौना अंचल क्षेत्र के खोरमा गांव निवासी रिटायर्ड दफादार जय नारायण यादव से जमीन सर्वे के नाम पर रिश्वत की मांग की जा रही थी. आरोप है कि सर्वे अमीन विक्रम कुमार ने उनसे कुल 50 हजार रुपये की मांग की थी.

शिकायतकर्ता ने रकम दो किश्तों में देने की बात कही थी. तय योजना के तहत मंगलवार को पहली किश्त के रूप में 20 हजार रुपये लेकर नाग मंदिर के पास बुलाया गया था.इससे पहले जय नारायण यादव ने पूरे मामले की शिकायत निगरानी विभाग में दर्ज कराई थी. शिकायत की सत्यता की जांच के बाद निगरानी विभाग पटना की टीम ने जाल बिछाया और जैसे ही सर्वे अमीन ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर ही उसे दबोच लिया.निगरानी विभाग पटना के पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र कुमार ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी सर्वे अमीन को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है. आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे पटना ले जाया जा रहा है, जहां आगे की पूछताछ और कार्रवाई की जाएगी. बताया जा रहा है कि निर्मली नगर के वार्ड 1 स्थित बद्री नारायण साह के मकान में किराए पर कमरा लेकर आरोपी सर्वे अमीन रह रहा था, वहीं पर रुपये लेकर रिटायर्ड दफादार को बुलाया था. इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग में हड़कंप की स्थिति है. स्थानीय लोगों ने निगरानी विभाग की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी.

## तीन अपहृताओं को पुलिस ने किया बरामद, कोर्ट में बयान हेतु भेजा



लोकतंत्र की आवाज
**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के तीन अपहृताओं को सकुशल बरामद कर लिया है। पहले मामले में थाना कांड संख्या 38/26, दिनांक 06-02-2026, खानपुरा पंचायत अंतर्गत परणपुरा गांव से जुड़ा था। इस मामले में महिला अपने प्रेमी सुखदेव साव, निवासी मौला नगर, थाना अतरी, जिला गया के साथ फरार हो गई थी। पुलिस ने दोनों को बोकारो से बरामद किया। दूसरे मामले में थाना कांड संख्या 442/25 की अपहृता, जो भरसंडा गांव से लापता हुई थी, को सिरदला बाजार से बरामद किया गया। वहीं तीसरे मामले में कांड संख्या 36/26 की अपहृता, जो कोडीहा गांव से फरार हुई थी, को भी सिरदला बाजार से बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय में बयान दर्ज कराने हेतु भेज दिया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि मामलों में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

## इनर व्हील क्लब आफ सनराइज द्वारा रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**गया ।** इनर व्हील क्लब आफ सनराइज द्वारा होली के पावन अवसर पर रंगारंग एवं उल्लासपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम क्लब की अध्यक्षा डॉ. निभा जयन के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ है।इस कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और प्रेम, एकता एवं सौहार्द का संदेश दिया है। मधुर संगीत की धुनों पर सभी ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया, जिससे वातावरण पूर्णतः आनंदमय और उत्सवमय बन गया है।



इस कार्यक्रम को और भी रोचक बनाने के लिए श्रीमती मधु प्रिया एवं श्रीमती सुगंधा द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सभी सदस्यों ने खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और कार्यक्रम में विशेष उत्साह देखने को मिला है।

इस अवसर पर डॉ. दीपशिखा, डॉ. तेजस्वी नंदन, डॉ. मानसी, डॉ. मोनिका, डॉ. लवली, पल्लवी, प्रेरणा, सोनम, प्रतिभा, श्वेता, स्वाति, डॉ. कृतिका, रिया, डॉ. आरती, अदिति, रश्मि, मेनका एवं सुमन की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई है। अध्यक्षा डॉ. निभा जयन ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है।उन्होंने सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया है।इस कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है, जिसमें सभी सदस्यों के सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया गया है

# भागलपुर स्थित घंटाघर के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में आयोजित शिक्षक समारोह में सम्मान पाकर शिक्षक हुए गदगद

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** भागलपुर स्थित घंटाघर के टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना के साथ हुई दीप प्रज्ज्वलन के समय द बिहार टीचर संघ की प्रमंडलीय अध्यक्ष रीना कुमारी, उपाध्यक्ष अर्चना कुमारी,डॉ अमोद कुमार,सीटीई घंटाघर की प्राचार्य मीनाक्षी चतुर्वेदी, श्रुति, पीटीईसी फुलवरिया की प्राचार्य सुहानी शुभम, कोसी स्नातक क्षेत्र के एमएलसी एन के यादव,टीएमबीयू के सीनेट सदस्य प्रवीण सिंह कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ नितेश कुमार उपस्थित थे ।संघ के संस्थापक डॉ



कुमार गौरव ने कहा शिक्षकों के नवाचारों व उत्कृष्ट प्रदर्शन को सार्वजनिक कर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है।

प्रमंडल अध्यक्ष रीना कुमारी उपाध्यक्ष अमृता कुमारी ने कहा कि यह मंच सुदूर क्षेत्रों में अध्यापन कर रहे शिक्षकों को अपनी उत्कृष्टता साबित करने में सहायक सिद्ध हो रही है। वही प्रमंडल मीडिया प्रभारी डॉ नयन तिवारी ने कहा कि यह सीखने सिखाने का अद्भुत मंच है अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अधिकांश बच्चों तक भी अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को पहुंचाया जा सकता है ।अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा का भी कार्य किया जा सकता है ।कार्यक्रम में 101 गुरुओं को सम्मानित किया गया। प्रमंडल कोषाध्यक्ष फिर्दोष आलम,मीडिया प्रभारी लीना कुमारी, सचिव संध्या कुमारी,जिला अध्यक्ष अंजू,मीडिया प्रभारी भारती झा,अमृता,उपसचिव उषा,उपाध्यक्ष गुड़िया, सचिव रणजीत रविदास ,कोषाध्यक्ष कैलाश मंडल ने इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक सत्र का संचालन अर्जुन केसरी ने किया। मेयर साहिब डॉ वसुंधरा लाल व जिला परिषद अध्यक्ष विपिन मंडल ने भी शिक्षकों को शुभकामना भेट की। इस दौरान शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर शिक्षकों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## औरंगाबाद - इंपेरियल ग्लोबल स्कूल में बच्चों के बीच नशामुक्ति व मद्य निषेध पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह**
**गोह (औरंगाबाद)।** बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर मंगलवार को गोह प्रखंड अंतर्गत शेखपुरा मोड़ के समीप स्थित इंपेरियल ग्लोबल स्कूल परिसर में मद्य निषेध एवं नशामुक्ति विषय पर विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया ।इसके साथ ही बाल एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के निदेशक एवं प्राचार्य दीपक कुमार के साथ सभी सम्मानित शिक्षकों की मौजूदगी में बच्चों को प्रेरित किया गया। वहीं समाज में नशामुक्ति एवं महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं बाल एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों को भी डायरी एवं कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को ट्रॉफी प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्हें निरंतर प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। जिससे स्वस्थ एवं सशक्त समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का आभा प्रकट होती है।

## औरंगाबाद - गोह में कपड़ा दुकान से चोरी करने वाले सात कामगारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लोकतंत्र की आवाज

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**
**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड मुख्यालय स्थित ओम् वस्त्रालय कपड़ा दुकान से चोरी करने वाले सात कामगार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को दुकान मालिक के द्वारा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसमें उल्लेख था कि कपड़ा दुकान में काम करने वाले कामगारों के द्वारा लगभग बीस लाख की सम्पत्ति चुराई गई है।इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सात कामगारों को गिरफ्तार कर थाना लाया ।ज



ब पुलिस चोरी के संबंध में पूछताछ किया तो सातों कामगारों ने अपनी संलिप्तता को स्विकार किया है।इन लोग के द्वारा प्रतिदिन कपड़ा दुकान से चोरी छिपे कपड़ा चुराकर घर ले जाया जाता था और आधे दाम पर बेच दिया जाता है ।जब दुकान मालिक को इस बात की भनक लगी तो शाम के समय घर जाते कामगारों की तलाशी ली गई। तो इनके पास से चोरी की कई कीमती कपड़े बरामद किए गए। इस चोरी के मामले में संलिप्त कामगार बंदेया थाना क्षेत्र के साव बीघा निवासी महेंद्र यादव का पुत्र विनोद कुमार, कृष्णा यादव का पुत्र अर्जुन कुमार, गोह निवासी लखन साव का दो पुत्र प्रकाश साव व प्रमोद कुमार, भवानीपुर गांव निवासी नरेश यादव का पुत्र दुर्गेश कुमार, सरेया गांव निवासी राज किशोर दास का पुत्र अभय कुमार, उपहारा थाना क्षेत्र के हमीदनगर गांव निवासी स्व प्रभु साव का पुत्र श्याम चरण प्रसाद के विरुद्ध चोरी, धोखाधड़ी, विश्वासघात एवं आपराधिक षड्यंत्र के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सुपौल : दाखिल-खारिज में 37 मामलों की अनियमितता पर राजस्व अधिकारी पर नहीं हुई अब तक ठोस कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल।** जिले के राजस्व अधिकारी राकेश कुमार अपने कारनामों को लेकर खूब चर्चा में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब को लेकर जिला स्तर पर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। 25 नवंबर 2025 को आयोजित राजस्व समीक्षा बैठक में भी यह बात सामने आई कि 75 दिनों से अधिक समय से 58 मामले लंबित थे। इनमें कई मामलों में आपत्तियां तो दर्ज की गईं, लेकिन उनका स्पष्ट कारण उल्लेखित नहीं था।इसके बाद भूमि सुधार उप समाहर्ता, त्रिवेणीगंज द्वारा जांच कराई गई।



**■ 21 मामले में सीओ के खिलाफ आरोप पत्र की तैयारी, प्रशासन सख्त, फैसले से लोग हैरान**

जांच प्रतिवेदन (पत्रांक 408, दिनांक 26/11/2025) के अनुसार, अधिकांश अनियमितताओं में तत्कालीन राजस्व अधिकारी राकेश कुमार की कार्यशैली पर सवाल उठे। ऑनलाइन दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन 35 दिनों के भीतर होना चाहिए, लेकिन कई मामलों में समयसीमा का पालन नहीं किया गया। प्रशासनिक नियमों की अनदेखी और संभावित व्यक्तिगत हितों की आशंका को गंभीर मानते हुए राजस्व अधिकारी को त्रिवेणीगंज अंचल से मुक्त कर स्थापना शाखा, सुपौल में प्रतिनियुक्त किया गया। इसी क्रम में अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया था, जिसका जवाब उन्होंने 31 दिसंबर 2025 को प्रस्तुत किया। इसके बावजूद जिला प्रशासन ने 21 मामलों में अनियमितता को गंभीर मानते हुए अनुमंडल पदाधिकारी और भूमि सुधार उप समाहर्ता को संयुक्त रूप से आरोप पत्र गठित कर साक्ष्य सहित प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। शेष 37 मामले में लगे गंभीर आरोप में राजस्व अधिकारी राकेश कुमार अब तक किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नजर नहीं आई है, इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि राजस्व अधिकारी के स्थानांतरण के बाद अंचल में दाखिल-खारिज कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता आई है।

रैयतों के साथ व्यवहार में सुधार तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली में बदलाव की चर्चा भी क्षेत्र में हो रही है। राजस्व अधिकारी राकेश कुमार जब तक त्रिवेणीगंज आंचल में थे उन्होंने अंचल को दलालों का आधा बना दिया, बिना पैसा के राजस्व अधिकारी राकेश कुमार राजस्व संबंधित कार्य को लंबित रखना उनका आदतन था, जिला प्रशासन राकेश कुमार को हटाकर यहां को लोगों को राहत भरी संदेश दिया। नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो दोषी राजस्व अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि भ्रष्ट अधिकारी को सबक मिल सके। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सीईओ प्रियंका पर एक मौका देते हुए आरोप पत्र नहीं गठित करने की मांग करते हुए राजस्व अधिकारी राकेश कुमार पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रही है, फिलहाल, पूरे मामले पर जिला प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### चौथी बार गौनाहा प्रखंड जदयू के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए बिक्रमा चौधरी '



लोकतंत्र के आवाज
संवाददाता मेराज आलम

**गौनाहा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को आपसी शोर शराबे के उपरांत सर्वसम्मति से बिक्रमा चौधरी को प्रखंड जदयू अध्यक्ष व ओजेंद्र कुमार महतो को उपाध्यक्ष चुना गया। उनके मनोनय पर प्रखंड जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी की है। वहीं भाजपा नेता संजय निषाद ने इस मनोनम पर बधाई दी है। इस मौके पर प्रवेक्षक के रूप में मोहम्मद निजामुद्दीन व निर्वाची पदाधिकारी के रूप में भागीरथी राम उपस्थित थे। विदित हो कि प्रखंड जदयू अध्यक्ष के लिए कुल पांच नामांकन पत्र भरे गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में बिक्रमा चौधरी, ओजेंद्र कुमार महतो आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। बिक्रमा चौधरी व ओजेंद्र कुमार के पहल से सर्वसम्मति से चुनाव स्थगित कर बिक्रमा चौधरी को अध्यक्ष व ओजेंद्र कुमार महतो को उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर जदयू के जिला उपाध्यक्ष सूरज साहनी, ज्ञानेश्वर चौबे, राजकुमार गुप्ता, शिवजी प्रसाद, उदयभान गुप्ता, शंभू चौधरी, राजदेव काजी, रामराज महतो, सुषमा देवी, युवा जदयू अध्यक्ष आनंद कुमार राम उर्फ गुड्डू, अरमान आलम, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद महतो,रमेश महतो, मुखिया जयप्रकाश महतो,शहर चौधरी, निर्मला देवी, संजय निषाद आदि उपस्थित थे।

### केसरिया: बिजधरी थाना क्षेत्र के सुन्दरापुर में हुई सीएसपी लूटकांड में पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**पूर्वी चम्पारण।** बिजधारी थाना क्षेत्र के सुंदरापुर भुसौलवा स्कूल के समीप गांव में एक सीएसपी संचालक से अपराधियों ने हथियार के बल पर सोमवार को दिनदहाड़े पचास हजार रुपए लूटपाट लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटा के भीतर एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी लुटकांड में (लाइनर) अजय कुमार पे0 सुरेश सहनी, साकिन बीजधरी निजामत,थाना बिजधरी जिला पूर्वी चम्पारण बताया गया है। उसके पास से पुलिस एक मोबाइल बरामद किया है। बता दें कि सीएसपी संचालक संतोष राम ने इस मामले बिजधरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वहीं थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि इस लुटकांड में एक लाइनर की गिरफ्तारी की गई हैं। बाक़ी इस लुटकांड में शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बहुत जल्द सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इस छापेमारी दल में पु०अ०नी चंद्रमा मांझी,पु०अ०नी मुन्ना कुमार सिंह, जिला सूचना इकाई मोतिहारी व सशस्त्र बल शामिल थें।

# भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में गैर मजरुआ जमीनों की पैमाइश तेज

## एसडीएम चांदनी कुमारी के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने किया वाल्मीकिनगर का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में सरकारी एवं गैर मजरुआ जमीनों की पैमाइश और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बगहा प्रशासन ने तेज कर दी है। विभागीय निर्देश के बाद बगहा की एसडीएम चांदनी कुमारी के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम ने वाल्मीकिनगर क्षेत्र का दौरा कर कई स्थलों का निरीक्षण किया।

इस संयुक्त टीम में भूमि सुधार उप समाहर्ता अंजेलिका कति, अंचल अधिकारी वसीम अकरम, गंडक बैराज, एसएसबी, कस्टम विभाग तथा वन प्रमंडल वाल्मीकिनगर के अधिकारी शामिल थे। टीम ने सीमा से सटे विभिन्न स्थलों पर पहुंचकर जमीन की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। एसडीएम चांदनी कुमारी ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सरकारी और गैर मजरुआ जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। नो-मैन्स लैंड से सटे क्षेत्रों में 15 किलोमीटर अंदर तक की सरकारी भूमि की गहन जांच की जा रही है।

**लवकुश घाट और ठाढ़ी क्षेत्र में चिन्हांकन:** निरीक्षण के दौरान लवकुश घाट और ठाढ़ी क्षेत्र का दौरा किया गया, जहां अतिक्रमित जमीनों को चिन्हित किया गया है। चिन्हांकन के बाद संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**गंडक प्रोजेक्ट की जमीन की हो रही समीक्षा:** वाल्मीकिनगर स्थित जल संसाधन विभाग के गंडक प्रोजेक्ट की जमीन को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की जा रही है। गंडक बराज निर्माण के समय वन विभाग से लीज पर ली गई कुछ अतिरिक्त जमीन वापस कर दी गई थी। अब शेष भूमि की वास्तविक स्थिति का मिलान किया जा रहा है, ताकि सरकारी अभिलेखों के अनुसार सीमांकन सुनिश्चित हो सके।

**कस्टम विभाग ने सड़क और घाट की जमीन मांगी:** इस बीच लैंड कस्टम विभाग ने गंडक बराज की मुख्य नहर सड़क और लवकुश घाट की जमीन की मांग की है। इसके अतिरिक्त वाल्मीकिनगर हवाई अड्डे के विस्तार की योजना के तहत ठाढ़ी स्थित एसएसबी पोस्ट को विस्थापित किया जाएगा। इसके लिए गांव के समीप नई जमीन चिन्हित की गई है।

**कई क्षेत्रों में नोटिस जारी करने की तैयारी:** जानकारी के अनुसार टंकी बाजार, तीन आरडी, गोल चौक और बिसाहा गांव के पास अतिक्रमित भूमि को चिन्हित कर नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। जीरो आरडी से तीन आरडी के बीच त्रिहत नहर के दोनों किनारों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी तेज कर दी गई है। प्रशासन की इस कार्रवाई से सीमावर्ती क्षेत्रों में सरकारी जमीन की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा।

# होली व रमजान पर्व को लेकर मटियरिया थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र के आवाज

संवाददाता मेराज आलम

**गौनाहा** मटियरिया थाना परिसर में मंगलवार को होली और रमजान त्योहारों को शांति, सुरक्षा और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अमन-चैन बनाए रखने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा कि होली और रमजान दोनों ही त्योहार आपसी खुशियों और सौहार्द के प्रतीक हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे एक-दूसरे की धार्मिक परंपराओं का पूरा सम्मान करें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को उसकी मर्जी के बिना रंग न लगाया जाए। आगे उन्होंने कहा कि होलिका दहन केवल पुराने निर्धारित स्थलों पर ही होगा। किसी भी नए या विवादित स्थान पर आयोजन की अनुमति बिल्कुल नहीं दी जाएगी। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान शांति भंग करने वाले अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस कठोरतम कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष ने सोशल मीडिया के प्रति भी सचेत किया और बताया कि साइबर सेल हर भड़काऊ पोस्ट पर पैनी नजर रख रही है। गलत जानकारी या नफरत फैलाने वालों पर पुलिस का शिकंजा कसा जाएगा। बैठक में मौजूद क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ने एक स्वर में कहा कि वे क्षेत्र में भाईचारे की मिसाल पेश करेंगे और त्योहारों को मिल-जुलकर मनाएंगे। इस अवसर पर एएसआई रमेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि रंजन वर्मा सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित नो मैन्स लैंड क्षेत्र में अतिक्रमण की कार्रवाई की गई



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**पूर्वी चंपारण।** अनुमंडल पदाधिकारी,रक्सौल मनीष कुमार के नेतृत्व में भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित नो मैंस लैंड क्षेत्र में विद्यमान स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह कारवाई छठिया घाट पनटोका पंचायत में की गई। विदित हो कि पूर्व से ही अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा चिह्नित नो मेंस लैंड क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार की जा रही। वहीं सोमवार को इस कारवाई के समय एसडीएम के साथ एसडीपीओ रक्सौल, राजस्व अधिकारी रक्सौल, थानाध्यक्ष हरैया एवं एसएसबी की फोर्स भी मौके पर तैनात रही। साथ ही अनुमंडल प्रशासन लगातार यह सूचना सभी को दे रहा कि नो मैंस लैंड में कोई भी अतिक्रमण स्वीकार नहीं है।सभी तरह के अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने के लिए कारवाई जारी है।

# पश्चिम चंपारण : 07 चिन्हित स्थलों पर होगा फुल-स्केल अभ्यास, हवाई अड्डा परिसर बनेगा स्टेजिंग एरिया



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**पश्चिम चंपारण** जिले में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की प्रशासनिक तैयारियों को परखने के लिए 25 और 26 फरवरी को विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और राहत कार्यों की क्षमता को सुदृढ़ करना है।

**कार्यक्रम की रूपरेखा**

25 फरवरी: टेबल टॉप एक्सरसाइज (रणनीतिक चर्चा एवं योजना समीक्षा)

26 फरवरी: जिले के 07 चिन्हित स्थलों पर फुल-स्केल फिजिकल मॉक ड्रिल

यहां होगा मॉक ड्रिल

जिला प्रशासन ने बेतिया शहर में 05 और बगहा में 02 स्थलों को चिन्हित किया है।

**बेतिया के स्थल:**

उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शेखौना

राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल

समाहरणालय भवन

ऑफिसर कॉलोनी

जूडियो शॉपिंग कॉम्प्लेक्स

बगहा के स्थल:

विनायक पेट्रोल पंप (बगहा-1)

फ्लाईओवर (बगहा-2)

इन स्थलों पर बचाव, राहत, घायलों को निकालने, प्राथमिक उपचार और आपात प्रबंधन की वास्तविक परिस्थितियों का अभ्यास किया जाएगा।

हवाई अड्डा बनेगा स्टेजिंग एरिया

शहर के हवाई अड्डा परिसर को मुख्य 'स्टेजिंग एरिया' बनाया गया है। यहीं से एम्बुलेंस, दमकल और अन्य बचाव दलों का समन्वय किया जाएगा। साथ ही संभावित पीड़ितों के लिए अस्थायी राहत केंद्र, भोजन और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था भी यहीं की जाएगी।

**प्रशासन की अपील: घबराएं नहीं**

अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) अनिल कुमार सिन्हा और प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन शाखा, श्रीमती नगमा तबस्सुम ने आम नागरिकों से अपील की है कि 26 फरवरी को होने वाली गतिविधियों को देखकर घबराएं नहीं और न ही किसी प्रकार की अफवाह फैलाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल एक अभ्यास है, ताकि भविष्य में किसी भी वास्तविक आपदा की स्थिति में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

## बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के लेबर रूम में अवैध वसूली का आरोप, प्रसव के नाम पर 2 से 3 हजार रुपये लेने की शिकायत, अस्पताल प्रशासन ने मांगी लिखित शिकायत



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा।** बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के लेबर रूम में मरीजों के परिजनों से पैसे लेने का मामला एक बार फिर सामने आया है। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन के प्रयासों के बावजूद लेबर वार्ड में तैनात कुछ स्वास्थ्यकर्मी प्रसव के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। नगर थाना क्षेत्र के मलपरवा निवासी प्रदीप कुमार कुशवाहा सोमवार देर शाम अपनी पत्नी आरती देवी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां आरती देवी ने एक बच्चे को जन्म दिया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद ममता कर्मी और जीएनएम द्वारा उनसे 2000 रुपये की मांग की गई और राशि ली गई।

**प्रसव के नाम पर अवैध वसूली:** इसी प्रकार रामधाम मोहल्ला निवासी एक अन्य मरीज के परिजन से 3200 रुपये लेने का आरोप लगाया गया है। वहीं पुअरहाउस निवासी एक परिवार ने भी प्रसव के नाम पर अवैध वसूली की बात कही है। हालांकि, इन दोनों मामलों में परिजन कैमरे पर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में प्रसव के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल में निःशुल्क सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद इस तरह की वसूली मरीजों और उनके परिजनों का आर्थिक शोषण है।

**प्रशासन ने मांगी लिखित शिकायत:** इस संबंध में अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि यदि किसी मरीज के परिजन से पैसे मांगे जाते हैं तो उन्हें इसका विरोध करना चाहिए। उन्होंने संबंधित ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक को सूचना देने या लिखित शिकायत करने की सलाह दी है। उपाधीक्षक ने आश्वासन दिया कि शिकायत मिलने पर दोषी स्वास्थ्यकर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन से मांग की है कि लेबर रूम में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और दोषियों पर कार्रवाई कर मरीजों का आर्थिक शोषण बंद कराया जाए।

# मोतिहारी:बंजरिया थाना परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी मोतिहारी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मंगलवार को बंजरिया थाना परिसर में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सोसाइटी की कार्यकारी अध्यक्ष सह अपर समाहर्ता (लोक शिकायत), पूर्वी चम्पारण एवं थानाध्यक्ष अमित सिंह द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। तत्पश्चात शिविर का शुभारंभ थानाध्यक्ष अमित सिंह द्वारा रक्तदान कर किया गया। रक्तदान करने वालों में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त पत्रकार आनंद कुमार, निखिल कुमार, पंकज कुमार (सब इंस्पेक्टर), अखिलेश यादव, उपेन्द्र ठाकुर, पियूष कश्यप, शंभू शरण, अजय कुमार सहित कुल 25 पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। साथ ही पूजा किनर ने भी रक्तदान कर एवं अन्य लोगों से रक्तदान हेतु अपील कर शिविर की खुबसूरती में चार चाँद लगा दिए। अंत में सोसाइटी की कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा रक्तदान करने वाले पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों एवं पत्रकारों को इस मानवीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया गया तथा जिला वासियों से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंदों की सहायता करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा रक्तदान करने से कोई कमजोरी या दिक्कत नहीं होती, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। यह शिविर समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है।

# वाल्मीकिनगर भंसार आज तक बंद, उद्घाटन के तीन साल बाद भी संचालन शुरू नहीं, विभाग को भेजा मामला

## सांसद सुनील कुमार ने वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को लिखा पत्र



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**भारत-नेपाल** सीमा पर स्थित वाल्मीकिनगर भंसार (लैंड कस्टम स्टेशन) का संचालन उद्घाटन के वर्षों बाद भी शुरू नहीं हो सका है। इससे स्थानीय व्यापारियों और सीमावर्ती निवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय विकास और सीमावर्ती व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह परियोजना अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। वाल्मीकिनगर के सांसद सुनील कुमार ने 12 फरवरी 2026 को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को पत्र लिखकर भंसार को शीघ्र चालू कराने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने उल्लेख किया कि उद्घाटन के बाद भी सेवा प्रारंभ नहीं होने से स्थानीय व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस पर 23 फरवरी 2026 को मंत्री की ओर से जवाब दिया गया, जिसमें बताया गया कि मामले को संबंधित विभाग को अग्रसारित कर दिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**वर्ष 2015 में हुई थी पहल:** भंसार शुरू करने की पहल वर्ष 2015 में तत्कालीन सांसद व वर्तमान केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने की थी। उनके प्रयासों के बाद 9 जनवरी 2023 को वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया था। उद्घाटन समारोह में कई प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उस समय सीमावर्ती व्यापार को बढ़ावा मिलने और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई गई थी।

**तकनीकी बाधाओं का हवाला:** उद्घाटन के बावजूद भंसार सेवा प्रारंभ नहीं हो सकी। 10 नवंबर 2023 को वाल्मीकिनगर दौरे पर आए पंकज चौधरी ने बताया था कि नेपाल कस्टम विभाग की ओर से तकनीकी बाधाओं के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी दिया था। लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थिति में कोई ठोस बदलाव नहीं आया है।

**व्यापारियों को उठानी पड़ रही अतिरिक्त लागत:** भंसार के चालू न होने के कारण स्थानीय व्यापारियों को कस्टम प्रक्रिया पूरी करने के लिए अन्य स्थानों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे उनके समय और धन की अतिरिक्त लागत बढ़ रही है। सीमावर्ती निवासियों का कहना है कि यदि भंसार चालू हो जाए तो व्यापार में तेजी आएगी और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अब सांसद सुनील कुमार के हालिया प्रयासों से एक बार फिर उम्मीद जगी है कि वाल्मीकिनगर भंसार जल्द चालू होगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

## रामनगर में मैत्री क्रिकेट मैच: पुलिस प्रशासन ने पत्रकार टीम को हराकर कप पर जमाया कब्जा

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

पुलिस सप्ताह के अवसर पर रामनगर के अर्जुन विक्रम शाह स्टेडियम में आपसी सौहार्द और खेल भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। 12-12 ओवरों के इस मुकाबले में एक ओर पत्रकार व समाजसेवियों की टीम थी, जबकि दूसरी ओर पुलिस प्रशासन की टीम मैदान में उतरी।पत्रकार टीम की कमान कप्तान सुजल सिंह कुमार ने संभाली, वहीं प्रशासनिक टीम की कप्तानी बीडीओ अजीत कुमार ने की।

**पहले बल्लेबाजी कर पुलिस ने बनाए 96 रन:** टॉस जीतकर पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवरों में टीम ने 96 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एवं समाजसेवी टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन पूरी टीम 53 रन पर ऑल आउट हो गई। समाजसेवी पिंटू सिंह ने टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग का प्रदर्शन किया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

**आरओ कुंदन बने मैन ऑफ द मैच:** इस रोमांचक मुकाबले में आरओ कुंदन कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। खिलाड़ियों ने पूरे मैच के दौरान खेल भावना का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

**इन खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका:** पत्रकार सह समाजसेवी टीम में उपकप्तान अनिरुद्ध कुमार के साथ अमित कुमार यादव, विभोर पांडेय, सागर शुक्ल, पांडेय जी, पिंटू सिंह, राकेश सिंह, सुजल सिंह सहित अन्य शामिल रहे। मैच में अंपायर की भूमिका राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक सदाकांत शुक्ल और प्रदीप पटेल ने निभाई। संचालन समाजसेवी विजय गुप्ता, इंस्पेक्टर अभय कुमार एवं राकेश सिंह ने किया। पुलिस प्रशासन की टीम में कप्तान बीडीओ अजीत कुमार के अलावा आरओ कुंदन कुमार, सीओ वेद प्रकाश, इंस्पेक्टर अभय कुमार, थानाध्यक्ष दीपक कुमार, एसआई सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल रहे।

**विजेता व उपविजेता टीम को किया गया सम्मानित:** मैच के अंत में विजेता और उपविजेता टीम को कप, शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ने पुलिस और पत्रकारों के बीच आपसी तालमेल और सौहार्द को और मजबूत करने का संदेश दिया।

# संक्षिप्त खबरें ।

## टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ का गठन

**संवाददाता विनोद प्रसाद**

**पटना,** टी.पी.एस. कॉलेज शिक्षक संघ के आम सभा की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से संघ के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें डॉ. विजय कुमार सिन्हा-अध्यक्ष, डॉ.दीपिका शर्मा-उपाध्यक्ष, डॉ. विनय भूषण कुमार-सचिव और डॉ. सुशोभन पलाधि को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस आम सभा की अध्यक्षता वरीय शिक्षिका प्रो. रूपम ने की । धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ज्योत्सना कुमारी ने किया । महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने नवचयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुन्द कुमार ने दी।

## शराब के नशे में एक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**
**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड में शराब के नशे में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिलौर में छापेमारी कर उमेश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि प्राथमिकी दर्ज करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## चार लीटर शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**
**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखंड के गांव बुधौली के गोपालबागी में छापेमारी कर शराब जब्त किया है। थानाध्यक्ष रंजन चौधरी ने बताया कि गोपालबागी में छापेमारी कर चार लीटर शराब जब्त किया गया है। इस मामले में वीणा देवी को गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## रोटेशन के अनुसार मिलेगी बिजली

**लोकतंत्र की आवाज**
**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां प्रखण्ड में बुधवार को 11 बजे से 3 बजे तक बिजली प्रभावित होगी। कनीय अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि 33 केवीए कचना फीडर में मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा है। इस कारण बुधवार को 11 बजे से 3 बजे तक रोटेशन के अनुसार बिजली मिलेगी। लोगों से आग्रह किया गया है कि पानी की समुचित व्यवस्था निर्धारित समय के पूर्व कर लें।

## सोनवर्षा : 19 वर्षीय युवक सत्यम कुमार एक माह से लापता, पुलिस ने जारी की तस्वीर, सूचना देने वालों को इनाम

**लोकतंत्र की आवाज**
**सहरसा संवादाता।**



सोनवर्षा कचहरी ओपी क्षेत्र के भरौली गांव (वार्ड-१) निवासी 19 वर्षीय सत्यम कुमार उर्फ भोलू 20 जनवरी से लापता हैं। स्वर्गीय नीरज प्रसाद के पुत्र सत्यम उसी दिन साइकिल पर घर से निकले, लेकिन वापस नहीं लौटे। परिजनों ने आसपास के गांवों, रिश्तेदारों और संभावित जगहों पर खोज की, पर कोई सुराग नहीं मिला। परिवार मायूस है और रो-रोकर बुरा हाल है। सोनवर्षा कचहरी थाने में कांड संख्या 11/26 दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न जगहों पर छानबीन कर रही है और तकनीकी सहायता ले रही है। एसपी ने लापता युवक की तस्वीर जारी कर अपील की है-यदि किसी को सत्यम के बारे में जानकारी हो, तो तुरंत एसपी, डीएसपी सदर या थाने के मोबाइल नंबर पर सूचित करें। सही जानकारी देने वाले को पारितोषिक मिलेगा। परिजन प्रशासन से बेटे की सकुशल बरामदगी की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस ने मामले को प्राथमिकता दी है।

# पावापुरी में हरित रोशनी की पहल, सोलर स्ट्रीट लाइटों से जगमगाए प्रमुख धार्मिक स्थल




**लोकतंत्र की आवाज**

**गिरियक ।** अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जैन तीर्थ स्थल पावापुरी अब सौर ऊर्जा की रोशनी से जगमगा उठा है। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत अनुपूर्णा फाइनेंस द्वारा यहां 100 से अधिक सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं, जिससे तीर्थ क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की सुरक्षा भी बढ़ी है ।परियोजना के तहत जल मंदिर, समवशरण मंदिर, गांव मंदिर, दादावाड़ी तथा दिगंबर जैन मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों को प्राथमिकता दी गई है। इन स्थलों पर प्रतिदिन देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। अब शाम ढलते ही पूरा क्षेत्र सौर ऊर्जा आधारित लाइटों से आलोकित हो उठता है ।गांव मंदिर परिसर में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में जैन श्वेतांबर भंडार तीर्थ पावापुरी के प्रबंधक गीतम मिश्रा, हेमचंद भूरा, अजय सिंह और रंजीत बिस्वाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कंपनी की ओर से स्टेट हेड (ऑपरेशंसझबिहार) सौम्य रंजन मोहापात्र, हेडझकॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी अनन्या पान तथा एसोसिएट मैनेजर (सीएसआर) बसुंधरा दाश शामिल हुए।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह पहल तीर्थ क्षेत्र में सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से जहां बिजली पर निर्भरता घटेगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा ।कंपनी के अनुसार यह परियोजना सीएसआर के तहत स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की व्यापक योजना का हिस्सा है। देशभर में स्वास्थ्य, स्वच्छता, ऊर्जा और आजीविका से जुड़ी पहलों के माध्यम से लाखों लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है ।जैन श्वेतांबर मंदिर पावापुरी के सचिव शांतिलाल बोथरा ने कहा कि सोलर लाइटों की स्थापना से तीर्थ क्षेत्र की छवि और बेहतर होगी तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। उन्होंने इसे पावापुरी के समग्र विकास की दिशा में सराहनीय पहल बताया।

# मालदा मंडल द्वारा गहन टिकट जांच एवं 'रेल वन' ऐप जागरूकता अभियान



**लोकतंत्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** मालदा मंडल के मंडल रेलवे प्रबंधक, श्री मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, टिकट रहित और अनियमित यात्रा को रोकने हेतु मालदा मंडल में गहन टिकट जांच अभियान जारी है। इसके अंतर्गत आज शिवनारायणपुर झ मिर्ज़ाचौकी झ पिरपैंती खंड में व्यापक टिकट जांच अभियान संचालित किया गया।
अभियान का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में किया गया, जिसमें वाणिज्य निरीक्षक, टिकट निरीक्षण टीम और रेलवे सुरक्षा बल (फ्धा) की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 83 मामलों में ₹42,020 का जुर्माना वसूला गया । यह कार्रवाई ट्रेन संख्या 15658 ब्रह्मपुत्र मेल, 13071 हावड़ाझजमालपुर एक्सप्रेस, 53416 जमालपुरझसाहिबगंज पैसेंजर और अन्य यात्री ट्रेनों में की गई। साथ ही, मालदा मंडल द्वारा साहिबगंज और बरहवां रेलवे स्टेशन पर ''फ्रंडली अस्त्रस्त्र'' जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। यात्रियों को ऐप डाउनलोड कर उसके सुविधाजनक फीचर्स का उपयोग करने के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे टिकटिंग और रेलवे सेवाएँ सरल, डिजिटल और सुविधाजनक बन सकें। रेल वन ऐप में ''यूटीएस ऑन मोबाइल'' एवं ''रेल कनेक्ट'' की सुविधाओं को एकीकृत किया गया है, जिससे यात्री एक ही लॉग-इन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। ''रेलवन'' ऐप की यह पहल डिजिटल पहुँच को सरल बनाने, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं नकदरहित लेन-देन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# रजौली में डीजे लदे वाहनों पर परिवहन विभाग की करवाई, दो दिनों में वसूला सत्तर हजार का जुर्माना

**लोकतंत्र की आवाज**

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** रजौली एनएच-20 स्थित समेकित जांच चौकी पर परिवहन विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजे लदे वाहनों से भारी जुर्माना वसूला गया है। ईएसआई संदीप कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस सघन जांच अभियान के दौरान एक ट्रैक्टर डीजे ट्रॉली और एक पिकअप पर लदी डीजे ट्रॉली को पकड़ते हुए नियमानुसार करीब 45 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया। उन्होंने बताया कि एक डीजे वाहन से 20500 रूपये तथा दूसरे वाहन से 24000 रूपए का जुर्माना लगाया गया है ।ईएसआई संदीप कुमार ने स्पष्ट किया कि आगामी आयोजनों और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु बीते 19 फरवरी से ही डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश जारी किया जा चुका है, जिसके उल्लंघन पर अब विभाग कड़ा रुख अख्तियार कर रहा है। विभागीय सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले महज दो दिनों के भीतर विभिन्न वाहनों से कुल सत्तर हजार रुपये की जुर्माना राशि वसूल की जा चुकी है, जो प्रतिबंध के बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के लिए एक बड़ी चेतावनी है।

# सिमरी बख्तियारपुर में चोरी की 'हैट्रिक': 72 घंटे में तीसरी बड़ी वारदात, अब बंद घर से उड़ाए 2.30 लाख के सामान

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**
**बख्तियारपुर** थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस की रात्रिकालीन गश्ती को खुली चुनौती देते हुए शातिर चोरों ने महज 72 घंटे के भीतर तीसरी बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। गुरुवार और शुक्रवार की घटनाओं के बाद, अब रविवार रात गर्ल्स स्कूल रोड वार्ड संख्या 26 स्थित एक बंद घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया गया है। 'वेंडिलेटर तोड़कर घर में घुसे चोर₹ घटना के संबंध में पीड़ित संजीव कुमार ने बताया कि वह अपने घर को बंद कर बाहर गए हुए थे। इसी दौरान रविवार रात चोर पीछे का वेंडिलेटर तोड़कर अंदर घुसे और गोदरेज का ताला तोड़ दिया। चोरों ने सोने के जेवरात (सिकड़ी और अंगूठी), मोटर, गैस सिलेंडर, चूल्हा और बर्तन समेत लगभग 2 लाख 30 हजार रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इधर पीड़ित ने घटना को लेकर बख्तियापुर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ साथ जल्द से जल्द मामले की उद्भेदन करने की मांग की है। ₹तीन दिन, तीन वारदातें, पुलिस के हाथ खाली₹ उलेखनीय हो कि 24 घंटे पहले शुक्रवार रात दुर्गा स्थान गली में किराना व्यवसायी विनोद भगत के घर से तीन लाख नकद चोरी हुए थे, चोर सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए थे। बाबजूद इसके पुलिस के हाथ अब तक खाली है। उससे ठीक एक दिन पहले गुरुवार रात माखन टोला में 20 लाख के जेवरात चोरी हुए थे। एक के बाद एक लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय व्यवसायियों और नागरिकों में भारी दहशत और आक्रोश है ।पुलिस की गश्ती पूरी तरह फेल नजर आ रही है। इस पूरे मामले में एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि चोरों की गिरफ्तारी के लिए लगातार उसके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

# फुटपाथ दुकानदार संघ का नगर निगम घेराव

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**
संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ॠ) व 21 का उल्लंघन है ।फुटपाथ दुकानदार संघ ने सहरसा नगर निगम द्वारा दुकानें उजाड़ने के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। वीर कुंवर सिंह चौक से निकले जुलूस ने थाना चौक, गंगजला चौक होते हुए निगम कार्यालय पहुंचकर घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने फुटपाथों को वेंडिंग जोन घोषित करने, नगर आयुक्त के आदेश वापस लेने और वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की। जुलूस में ₹संविधान विरोधी नगर आयुक्त होश में आओ₹ जैसे नारे गूंजे। नेतृत्व सीएम झा और शंकर कुमार ने किया ।फुटपाथ दुकानदार संघ अध्यक्ष शंकर कुमार ने कहा कि बिना वैकल्पिक स्थान दिए उजाड़ना फुटपाथ जीविका संरक्षण अधिनियम की धारा 18 और संगठन सचिव सीएम झा ने इसे अन्यायपूर्ण बताया। नौजवान नेता कुंदन कुमार और जिला सचिव प्रभु लाल दास ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत लोन लेने वाले दुकानदारों की दुर्दशा पर जोर दिया। सभा की अध्यक्षता दीपक कुमार सिंह ने की, जिसमें मोहम्मद समीर, रामशरण सिंह, चंचल सिंह समेत कई शामिल हुए। नगर आयुक्त को 5-सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। संघ ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की, जिसमें 26 फरवरी को मसाल जुलूस शामिल है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी, सभी बीमा कंपनियों के प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**दिनांकः** 24 फरवरी 2026 आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 14 मार्च 2026 के सफल आयोजन के उद्देश्य से आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी में सभी बीमा कंपनियों के प्रबंधकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मोतिहारी अभिषेक कुमार दास द्वारा की गई। बैठक में बीमा क्लेम से संबंधित लंबित वादों के त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि वर्तमान में यहां कुल 98 वाद लंबित हैं, जबकि अन्य वाद मुजफ्फरपुर स्थानांतरित हो चुके हैं। अतः जो वाद यहां लंबित हैं, उनमें यदि किसी प्रकार की कमी या त्रुटि हो तो उसे शीघ्र दूर कर नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ित पक्षकारों को समय पर न्याय एवं मुआवजा का लाभ प्राप्त हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव नितिन त्रिपाठी ने उपस्थित अधिकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी तथा सभी से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में बीमा कंपनियों की ओर से रबीन्द्र कुमार, कुंदन सिन्हा, ए. एच.साकिब एवं मनोज कुमार उपस्थित रहे। अंत में अध्यक्ष महोदय ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अधिक से अधिक वादों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

# तीन साल पुराने साइबर ठगी मामले का उद्भेदन, साइबर थाना पुलिस ने तीन छात्राओं को दिलाई मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना की राशि

**लोकतंत्र की आवाज**

**बिहारशरीफ।** साइबर थाना पुलिस ने तीन वर्ष पुराने धोखाधड़ी के मामले का सफल उद्भेदन करते हुए तीन छात्राओं के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटा दी है। मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना की राशि के गबन से जुड़े इस मामले में लंबित जांच को गति देते हुए पुलिस ने पीड़ित छात्राओं को उनकी बकाया राशि उपलब्ध कराई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, साइबर थाना कांड संख्या 108/23 में महलपर के खैराबाद निवासी धर्मवीर पासवान द्वारा आवेदन देकर आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना की राशि का गबन किया गया है। प्रारंभिक अनुसंधान पूर्व अनुसंधानकर्ता द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला लंबित हो गया था ।इस बीच साइबर उपाधीक्षक सह थानाध्यक्ष राधवेन्द्र मणि त्रिपाठी के निर्देश पर 20 फरवरी 2026 को मामले का प्रभार पुलिस अवर निरीक्षक राजेन्द्र कुमार को सौंपा गया। अवर निरीक्षक राजेन्द्र कुमार ने मामले की गहन जांच करते हुए ठगी की गई राशि को वापस कराने में सफलता प्राप्त की ।जांच के उपरांत काजल कुमारी को 10 हजार रुपये, प्रभा कुमारी को 25 हजार रुपये तथा स्नातकोत्तर की छात्रा शिबानी कुमारी को 50 हजार रुपये ठगी की गई राशि वापस दिलाई गई। राशि प्राप्त होने के बाद तीनों छात्राओं एवं उनके परिजनों ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया ।मामले के अनुसंधानकर्ता




अवर निरीक्षक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि इस कांड में आगे भी जांच जारी है। उन्होंने कहा कि कुछ और छात्राओं के साथ हुई धोखाधड़ी की जांच की जा रही है और शीघ्र ही अन्य पीड़ितों को भी न्याय दिलाया जाएगा।

# होली के रंग को बैरंग बना रहा जिला पुलिस और मद्य निषेध की टीम

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**
इन दिनों जिला पुलिस टीम और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की टीम होली के रंग को बैरंग करने में लगे हुए हैं। जिसके परिणामस्वरुप लगातार छापामारी हो रही है। जहां पुलिस टीम शराब के साथ कोरेक्स कफ सिरफ और नशीली टैबलेट के साथ साथ हिरोइन (स्मैक) तक बरामद कर चुकी है। वहीं उत्पाद विभाग भी जिला पुलिस टीम के पीछे-पीछे छापामारी कर रही है। सोमवार को जिला के बिहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर गांव के नरहा टोला, वार्ड नंबर 1 निवासी वीरेन यादव के पुत्र अंकज



कुमार के घर पर छापामारी किया था। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की उक्त छापामारी में कारोबारी अंकज कुमार फरार होने में कामयाब रहे थे। लेकिन उनके भूसा घर से 305.640 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया था। उत्पाद एवं मद्य निषेध निरीक्षक संजीत कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में एएसआई अविनाश कुमार एवं उत्पाद पुलिस बल के साथ छापामारी की गई थी। जहां उनके भूसा घर से 840 बोतल विदेशी शराब जब्त किया गया था। जिसका अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपए आंकी गई थी। फरार कारोबारी के गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नारायण इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में सीनियर्स द्वारा फ्रेशर पार्टी का किया गया आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
प्रिया ओझा संवाददाता

डेहरी। चिकित्सा जगत में फार्मेसी संकाय का बहुत बड़ा योगदान और महत्व है ।बगैर फार्मेसी के चिकित्सा सेवा कर पाना संभव नहीं है। आज गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के नवप्रवेशी छात्रों को उनके सीनियर्स द्वारा फ्रेशर पार्टी के आयोजन में वक्ताओं ने उपरोक्त बातें कहीं । वक्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में नए–नए अनुसंधानों के बीच जाकर राष्ट्रहित में अच्छे–अच्छे काम करें ताकि अपने अभिभावकों, संस्थान एवं राष्ट्र का मान सम्मान बढ़े तथा आप सभी का भविष्य भी उज्ज्वल हो। वक्ताओं ने नवप्रवेशी छात्रों को गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय का चयन करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया एवं लगन और मेहनत के साथ शिक्षा ग्रहण करके अपने उद्देश्य की प्राप्ति करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, फार्मेसी कॉलेज के डीन डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, एवं विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड के अध्यक्ष सह फार्मेसी के प्राध्यापक डॉक्टर ललितेश्वर प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया ।बाद में फार्मेसी के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर फार्मेसी कॉलेज के सभी शिक्षक गण एवं 2024 एवं 25 सत्र के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### मंडल कारा के समीप पुरानी जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम।। सासाराम मुफस्सिल थानाक्षेत्र के मंडल कारा के समीप पुरानी जीटी रोड पर सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम। मृतक के परिवार में मचा कोहराम। मृतक राकेश कुमार डिहरी ऑन–सोन के वार्ड सं0–39 कमरनगंज के निवासी जिउत राम का पुत्र था ।वह अपनी बाइक से डेहरी से सासाराम आ रहा था कि एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा है। पुलिस उस खूनी ट्रक और चालक तक पहुँचने का हरसंभव प्रयास कर रही है।

### सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में कूड़े का अंबार, स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। जिला मुख्यालय एक ओर सरकार स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कार्यालय की स्थिति ही सवालों के घेरे में है। जिला सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में इन दिनों कूड़े–कचरे का अंबार लगा हुआ है, जिससे न केवल कार्यालय की छवि धूमिल हो रही है बल्कि स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ रहे हैं। कार्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों में प्लास्टिक, गंदगी और अन्य कचरा बिखरा पड़ा है। नियमित सफाई नहीं होने के कारण वहां दुर्गंध फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ने लगा है। कार्यालय में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते–जाते हैं, ऐसे में इस तरह की अव्यवस्था लोगों को परेशान कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सिविल सर्जन अपने ही कार्यालय परिसर की साफ–सफाई नहीं रख पा रहे हैं, तो पूरे सदर अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर कैसे भरोसा किया जा सकता है। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी है कि वह स्वच्छता को प्राथमिकता दे, खासकर उन स्थानों पर जहां प्रतिदिन मरीजों का आना–जाना लगा रहता है। ऐसे में संबंधित अधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेकर परिसर की साफ–सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मामले पर कब तक कार्रवाई करते हैं और परिसर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाने के लिए क्या कदम उठाए जाते

### सासाराम : जिला पदाधिकारी ने 6 आम नागरिकों से किया लोक साक्षात्कार



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। जिला पदाधिकारी रोहतास उदिता सिंह के द्वारा मंगलवार को दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल 6 आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक अनिल कुमार गुप्ता, डाटा इन्ट्री अपरेटर प्रतिनियुक्त जिला विधि शाखा, रोहतास सासाराम, के द्वारा प्रतिनियुक्ति से मुक्त करने, मुखिया ग्राम पंचायत मोहनी, बिक्रमगंज के द्वारा उप विकास आयुक्त, रोहतास के पंत्राक 456/दिनांक 7 .02 .2026 के संबंध में ग्राम पंचायत मुखिया घुसिया बिक्रमगंज प्रखंड के द्वारा बने हुये पंचायत सरकार भवन की जांच कराये जाने के संबंध में ग्राम पंचायत, मानी बिक्रमगंज प्रखंड के द्वारा अंचल अधिकारी के द्वारा मनमानी किये जाने के संबंध में जांच कराये जाने हेतु, एवं रामेश्वर प्रसाद पिता स्व० रामस्वरूप प्रसाद, ग्राम– सैदावाद के द्वारा जमीनी विवाद के संबंध में आवेदन दिया गया है, जिसे क्रमांक प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा, रोहतास, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को जांच कर अविलम्ब नियमानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश के साथ संबधित पदाधिकारियों के पास भेजा गया है।

## डीएम उदिता सिंह की अध्यक्षता में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक हुई

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलवार लंबित मामलों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में सभी दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि म्यूटेशन एवं परिमार्जन से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाना आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा ऑनलाइन नामांतरण एवं अभिलेख परिमार्जन की व्यवस्था पारदर्शिता, जवाबदेही एवं त्वरित सेवा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप निर्धारित अवधि में प्रत्येक आवेदन का निष्पादन हो। सभी लंबित मामलों की सूची तैयार कर विशेष अभियान चलाकर उनका शीघ्र निष्पादन किया जाए। त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण आवेदनों में आवश्यक सुधार हेतु आवेदकों को समय पर सूचना दी जाए। अभिलेखों का संधारण अद्यतन एवं शुद्ध रूप से किया जाए। साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन समाहरणालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए।

जिला पदाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों व राजस्व पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि 75 दिन से लंबित आपत्ति वाले म्यूटेशन एवं 35 दिन से लंबित बिना आपत्ति वाले म्यूटेशन को यथाशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक अंचल में लंबित दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

## गोपाल नारायण सिंह युनिवर्सिटी में हैकाथॉन प्रोग्राम "संकल्प 2.0" को सफलतापूर्वक किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**डेहरी।** गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी के सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संकाय के तहत इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेल ने 23 फरवरी, 2026 को सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक प्रशिक्षण सहयोगी कॉग्निटेल आई बी एम के साथ मिलकर हैकाथॉन प्रोग्राम "संकल्प 2.0" को सफलतापूर्वक आयोजित किया। इस इवेंट का मकसद छात्रों को रियल-वर्ल्ड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन डेवलप करने के लिए एक डायनामिक प्लेटफॉर्म देकर उनमें इनोवेशन, क्रिएटिविटी और टेक्निकल एक्सीलेंस को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता में कुल 101 टीमें निबंधित हैं, जिनमें से 37 टीमें गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी के बाहर की हैं। बाहरी टीमों में अलग-अलग रिपोर्टेड यूनिवर्सिटी और टेक्निकल कॉलेज शामिल थे, जैसे आर्यभट्ट यूनिवर्सिटी, आसनसोल इंजीनियरिंग कॉलेज, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज कैमूर, इंस्टिट्यूट ऑफ़ एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी रायपुर, रायपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, आर आई टी ई ई, शेरशाह इंजीनियरिंग कॉलेज, सासाराम, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, पटना विमेंस कॉलेज, सत्यम इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, नारायण इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी, तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज, तारकेश्वर नारायण अग्रवाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन, भुवन मालती कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (मोतिहारी), बी एम सी ई कॉलेज मोतिहारी।

"संकल्प 2.0" में अलग-अलग डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स, खासकर कंप्यूटर साइंस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग स्ट्रीम के स्टूडेंट्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया। हैकाथॉन को पार्टिसिपेंट्स को क्रिटिकली सोचने, असरदार तरीके से मिलकर काम करने और आज की समस्याओं को हल करने के लिए अपनी टेक्निकल नॉलेज का इस्तेमाल करने के लिए चैलेंज करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। कॉम्पिटिशन की थीम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी जैसी नई टेक्नोलॉजी के आस-पास घूमती थी, जो मौजूदा इंडस्ट्री की मांगों के साथ अलाइन हो रही थीं। उद्घाटन के समय रजिस्टर डॉ. कुमार आलोक प्रताप, एग्जामिनेशन कंट्रोलर सुदीप कुमार सिंह, नारायण वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मोनिका सिंह वहां मौजूद थीं ।विश्वविद्यालय के एग्जामिनेशन कंट्रोलर सुदीप कुमार सिंह ने स्टूडेंट्स को कॉम्पिटिशन के लिए शुभकामनाएं दीं और प्रोग्राम में फेयर तरीके से हिस्सा लेने के लिए कहा। नारायण वर्ल्ड स्कूल की डायरेक्टर डॉ. मोनिका सिंह ने बताया कि पार्टिसिपेंट प्रोग्राम में अपना टैलेंट और आइडिया दिखा सकते हैं, गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. कुमार आलोक प्रताप सर ने भी अपनी बातों से पार्टिसिपेंट्स को हिम्मत दी, सूचना प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग फैकल्टी के डीन प्रोफेसर पंकज दशोर ने प्रोग्राम में स्टूडेंट्स का स्वागत किया। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ जगदीश सिंह ने टीमों से मुलाकात की और स्टूडेंट्स को इनोवेशन के लिए हिम्मत दी।

कॉग्निटेल के एक्सपर्ट्स और मेंटर्स ने पूरे इवेंट में पार्टिसिपेंट्स को गाइड किया। उनकी मेंटरशिप से स्टूडेंट्स अपने आइडिया को बेहतर बना पाए, प्रोजेक्ट की फीजिबिलिटी बढ़ा पाए और इनोवेटिव अप्रोच अपना पाए। इवेंट में इवैल्यूएशन राउंड भी शामिल थे जहां टीमों ने अपने प्रोटोटाइप प्रेजेंट किए और जजों के पैनल के सामने वर्किंग मॉडल दिखाए। कार्यक्रम का समापन विनर्स के अनाउंसमेंट और सर्टिफिकेट और अवॉर्ड बांटने के साथ हुआ।

## जिले में एक बार फिर सौहार्द और प्रेम का अनोखा संगम देखने को मिलेगा

लोकतंत्र की आवाज

**■ पवित्र माह रमजान और रंगों का त्योहार होली एक साथ मनाए जाएंगे**

**सासाराम।** शहर में एक बार फिर सौहार्द और प्रेम का अनोखा संगम देखने को मिलेगा, जब पवित्र माह रमजान और रंगों का त्योहार होली एक साथ मनाए जाएंगे। यह अवसर न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि आपसी भाईचारे, शांति और सामाजिक समरसता का भी संदेश देता है।

रमजान जहां इबादत, संयम और इंसानियत की सीख देता है, वहीं होली रंगों के माध्यम से रिश्तों में मिठास घोलने का पर्व है। दोनों धर्मों के अनुयायी इस बार भी प्रेम और आपसी सम्मान के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएं देंगे और त्योहार की खुशियां साझा करेंगे। शहर के सभी गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों और युवाओं ने मिलकर तय किया है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर मिलन समारोह, सामूहिक इफ्तार और होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे आपसी एकता और मजबूत हो सके।

इस मौके पर नागरिकों ने कहा कि "कोई मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना।" यही भावना हमारे शहर की पहचान है और यही संदेश हम आने वाली पीढ़ियों को देना चाहते हैं। प्रशासन ने भी लोगों से शांति, भाईचारा और आपसी सम्मान बनाए रखने की अपील की है। उम्मीद है कि इस बार भी हमारा शहर प्रेम, सद्भाव और एकता की मिसाल कायम करेगा।

## नया दो मंजिला भवन तैयार, फिर भी जर्जर भवन में चल रहा स्कूल; मनमर्जी पर बीईओ ने जताई नाराजगी

लोकतंत्र की आवाज

**■ 1200 छात्र-छात्राओं के लिए एक शौचालय, 28 शौचालय वाला नया भवन अब भी खाली**



**अभिषेक तिवारी संवाददाता**

**कोचस।** कोचस स्थित पीएमश्री +2 उच्च विद्यालय, कोचस का मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अरविंद कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं, शौचालय व्यवस्था तथा अनुसूचित जाति-जनजाति छात्रावास के रखरखाव की स्थिति की विस्तार से जांच की गई।

जांच में सामने आया कि वर्ष 2020 में शिक्षा विभाग द्वारा निर्मित दो मंजिला आधुनिक भवन अब तक उपयोग में नहीं लाया गया है। इस भवन में कुल 28 शौचालय बनाए गए हैं, जिनमें 14 छात्र और 14 छात्राओं के लिए निर्धारित हैं। भवन में पठन-पाठन शुरू करने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। इसके बावजूद विद्यालय का संचालन पुराने भवन में ही किया जा रहा है।

वर्तमान में विद्यालय में लगभग 1200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जबकि पुराने भवन में केवल एक शौचालय की व्यवस्था है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के लिए एक शौचालय होना गंभीर समस्या मानी जा रही है। निरीक्षण के दौरान शौचालय तक जाने वाले मार्ग एवं उसकी स्थिति का भी अवलोकन किया गया।

बीईओ अरविंद कुमार ने स्पष्ट कहा कि सभी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन की मनमर्जी के कारण नए भवन में कक्षाओं का संचालन शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही बताया और जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए कि शीघ्र नए भवन में पठन-पाठन प्रारंभ कराया जाए। निरीक्षण के दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य मुन्ना कुमार पासवान, बबलू गुप्ता एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधायुक्त वातावरण उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। निरीक्षण का उद्देश्य उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना और विद्यालय की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

## चेनारी: महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन के तरफ से "DHEW @ YOUR DOORSTEP" आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज



**चेनारी।** दिनांक 24.02.2026 को रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड के मल्हीपुर पंचायत के बादलगढ़ गाँव में महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन रोहतास के तरफ से 'DHEW @ YOUR DOORSTEP' कार्यक्रम का कैंप लगाया गया। कैंप लगाने का उद्देश्य वैसी महिलाओं तक पहुंच बनाना है जो महिलाएं ग्रामीण और सुदूर क्षेत्र की होकर सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास निगम और जिला प्रशासन, रोहतास के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए 'DHEW @ YOUR DOORSTEP' (डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ विमेन) आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पहल के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविर लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं तथा योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

**कार्यक्रम के दौरान महिला :** हेल्पलाइन नंबर 181 पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रशासन द्वारा यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की हिंसा, प्रताड़ना या आपातकालीन स्थिति में महिलाएँ इस टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

**बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियानः** इस अभियान के तहत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना को भी गति दी जा रही है। शिविर में उपस्थित जिला परियोजना प्रबंधक, मो शमीम अंसारी ने अभिभावकों को अपनी बेटियों को शिक्षित करने और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

## संझौली : दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप, महिला ने थाने में दिया आवेदन

लोकतंत्र की आवाज

**सोनू कुमार संझौली**

**संझौली।** थाना क्षेत्र के चवरिया मठिया गांव की 26 वर्षीय विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है।

पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में महिला ने बताया है कि उसकी शादी 7 मई 2019 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ही पति, सास एवं अन्य ससुराल वाले दहेज में सोने की चेन और अंगूठी की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। महिला का आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ कई बार मारपीट की गई और उसे अपमानित किया गया। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि 1 फरवरी 2026 को उसे फोन कर ससुराल नहीं आने की बात कही गई। इसके बाद 23 फरवरी 2026 को उसने थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं और वह अपने मायके में रह रही है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### घर के दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात के खिलाफ केस

सोनू कुमार संझौली

संझौली। थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित ने संझौली थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के अनुसार, दिनांक 08 फरवरी 2026 को आवेदक ने अपनी मोटरसाइकिल घर के दरवाजे पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद जब बाहर निकलकर देखा तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिल सका। चोरी हुई मोटरसाइकिल हीरो कंपनी की बताई गई है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर (आवेदन में अंकित) है। पीड़ित सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि बाइक उसके नाम से निबंधित है और सभी कागजात उपलब्ध हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने आवेदन दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि आसपास के क्षेत्रों में जांच की जा रही है तथा शीघ्र ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

## हतासः पुलिस सप्ताह के तहत मिनी मैराथन का आयोजन, 'कप्तान' ने दौड़ लगाकर युवाओं में भरा जोश

लोकतंत्र की आवाज



**सासाराम।** बिहार पुलिस सप्ताह के गौरवशाली अवसर पर रोहतास जिले में पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम करने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व खुद जिले के पुलिस अधीक्षक (SP) रौशन कुमार ने किया।

**दौड़ के साथ 'फिटनेस' का संदेश :** सुबह की पहली किरण के साथ ही पुलिस लाइन और निर्धारित मार्गों पर पुलिस बल के जवानों और स्थानीय युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा। पुलिस कप्तान रौशन कुमार ने केवल झंडा दिखाकर दौड़ को रवाना नहीं किया, बल्कि खुद भी धावकों के साथ सड़क पर उतरकर कदमताल किया। कप्तान का यह 'एक्शन अवतार' देखकर वहां मौजूद युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

**ऐतिहासिक शेरशाह सूरी मकबरे पर ठहरावः** मैराथन का रूट शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए तय किया गया था। दौड़ते हुए पुलिस कप्तान और प्रतिभागियों का काफिला विश्व प्रसिद्ध शेरशाह सूरी के मकबरे पहुँचा। इस दौरान एसपी ने ऐतिहासिक धरोहर के परिसर में रुककर अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लिया।

**संवाद और अन्य गतिविधियां :** मैराथन के अलावा कप्तान ने निम्नलिखित गतिविधियों के जरिए जनता से जुड़ने का प्रयास कियाः दौड़ के समापन के बाद उन्होंने स्थानीय युवाओं से बातचीत की और उन्हें नशे से दूर रहकर खेल और करियर पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

स्वच्छता और सुरक्षाः मकबरा परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस सप्ताह का मूल उद्देश्य आम लोगों के मन से पुलिस का भय निकालकर विश्वास पैदा करना है।

"पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नहीं, बल्कि समाज का हिस्सा बनकर लोगों की सेवा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। मैराथन का उद्देश्य अनुशासन और ऊर्जा का संचार करना है।" पुलिस कप्तान रौशन कुमार

## कोचस प्रखंड को मिला सशक्त प्रशासनिक नेतृत्व, जयराम पाल ने संभाली डीडीओ की बागडोर

लोकतंत्र की आवाज



**कोचस (रोहतास)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के आदेश संख्या 2273, दिनांक 23 फरवरी 2026 के आलोक में जयराम पाल ने मंगलवार को कोचस प्रखंड के निकासी-व्ययन (डीडीओ/मेकर) पदाधिकारी तथा मध्य विद्यालय कोचस के प्रधानाध्यापक के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। योगदान समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक घुरफेकन चौधरी ने की, जबकि संचालन प्रधानाध्यापक संतोष कुमार सिंह ने किया। पदभार ग्रहण करते ही जयराम पाल ने विद्यालय संचालन एवं निकासी-व्ययन से संबंधित सभी प्रशासनिक दायित्वों की जिम्मेदारी संभाल ली।

जयराम पाल अपने सरल, सौम्य और व्यवहार-कुशल व्यक्तित्व के लिए जाने जाते हैं। उनके पदभार ग्रहण करने से विद्यालय परिवार एवं शिक्षकों में उत्साह का वातावरण है। शिक्षकों ने कहा कि प्रखंड स्तर पर डीडीओ की जिम्मेदारी मिलने से वेतन भुगतान और अन्य प्रशासनिक समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

शिक्षकों ने यह भी बताया कि पूर्व में कोचस प्रखंड को लॉगिन आईडी और पासवर्ड की सुविधा उपलब्ध थी, जो वर्तमान में जिला स्तर पर संचालित हो रही है। यदि यह व्यवस्था पुनः प्रखंड स्तर पर बहाल हो जाए तो वेतन एवं अन्य विसंगतियों का समाधान स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। संगठन के प्रतिनिधियों ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) से मिलकर लॉगिन एवं पासवर्ड कोचस प्रखंड के डीडीओ को उपलब्ध कराने की मांग करने का निर्णय लिया है।

इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने जयराम पाल से ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित समाधान की अपेक्षा जताई। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक व्यवस्था के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक भारत प्रसाद, बीरेन्द्र सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, मोहम्मद अंसारी, अजय कुमार सिंह, प्रधान शिक्षक ओमप्रकाश सिंह सहित जिला अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे। सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## संक्षिप्त खबरें ।

### ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक टीम ने बेंगाबाद अंचल अधिकारी से की मुलाकात



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो चीफ गिरिडीह
झारखंड (2026.02.24)। किसी भी अंचल कार्यालय में कई प्रकार से भ्रष्ट आचरण किए जा सकते हैं उदाहरण स्वरूप जानबूझकर काम में देरी करना या अवैध जानकारी देना या फिर अवैध या अधिक शुल्क वसूलना इत्यादि बेंगाबाद आंचल से जुड़े कई मामलों को लेकर आज ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की एक टीम ने बेंगाबाद के अंचल अधिकारी अमीर हमज़ा से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस बाबत पूर्व जिप सदस्य एवं फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि, आम जनता अपने जायज सवालों को लेकर भी महीनों तक अंचल का चक्कर लगाने को बाध्य है, फिर भी काम की गारंटी नहीं होती। अंतत: वे रिश्वत देने को बाध्य होते हैं। कहा कि, अंचल से जुड़े करीब एक दर्जन मामलों को लेकर आज वे सीओ से मिले हैं। उनकी बातों को संज्ञान में लेकर समाधान के आश्वासन मिला है। अधीनस्थ कर्मी को जरूरी निर्देश दिया गया है। कहा कि, अंचल के कार्यशैली में काफी सुधार की जरूरत है। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन को बाध्य होंगे। श्री यादव ने जनता से ऐसे सवालों पर एकजुट होने की अपील भी की। मौके पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष शिवनंदन यादव, महासचिव शंभू ठाकुर, उपाध्यक्ष रामलाल मंडल, सचिव फोदार सिंह सहित महेंद्र साव, सुखदेव गोस्वामी, छोटेलाल यादव, इंद्रजीत वर्मा, सीताराम पंडित, बालेश्वर तुरी, विनोद वर्मा, कुंजल पंडित, लक्ष्मण यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### हवाई एम्बुलेंस दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोगों की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
सिमरिया( चतरा)। सोमवार की शाम सिमरिया क्षेत्र में हुए दर्दनाक हवाई हादसे में एयर एंबुलेंस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पायलट सहित सभी 7 लोगों की मौत हो गई। यह विमान रांची से दिल्ली जा रहा था और शाम लगभग 7:30 बजे संपर्क टूटने के बाद सिमरिया के जंगल क्षेत्र में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट विवेक विकास भगत का भी निधन हो गया। वे कार्यपालक अभियंता देव सहाय भगत के पुत्र थे। इस घटना से परिवार एवं क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। बताया जाता है कि विवेक विकास भगत एक कुशल पायलट थे और उनका असामयिक निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। हादसे के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पायलट विवेक विकास भगत का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव लातेहार जिले के पडिका गांव में शाम 5 बजे किया जाएगा। इस दुखद घटना पर क्षेत्र के लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य एवं शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### बडकागांव पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का किया उद्भेदन, 23 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। हजारीबाग जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंज़ाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने उद्भेदन करने में कामयाब हुई है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापोकला गांव में छापेमारी की। गुप्त सूचना के आधार पर की गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश प्रजापति (30 वर्ष), ग्राम नापोकला, थाना बड़कागांव बताया। उसकी निशानदेही पर घर एवं आसपास के क्षेत्र से कुल 23 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद वाहनों में 14 स्प्लेंडर, 3 पैशन प्रो, 2 अपाचे, 2 पल्सर और 2 ग्लैमर मोटरसाइकिल शामिल हैं। साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ बड़कागांव थाना कांड संख्या 27/26 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पूछताछ में उसने अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। इस कार्रवाई में एसआईटी टीम सहित बड़कागांव थाना पुलिस की सक्रिय भूमिका रही।

### हज़ारीबाग़ विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में पेश हुए बजट 2026-27 को बताया निराधार



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ
हजारीबाग (झारखंड)। हज़ारीबाग सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को पूरी तरह निराधार, दिशाहीन और जनविरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की महिलाओं, युवाओं, किसानों एवं आम नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में असफल रहा है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सरकार ने कुल ₹1,58,560 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया है किंतु इस भारी-भरकम आंकड़े के बावजूद जमीनी विकास की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आती। राजस्व आय को ₹1,36,210.04 करोड़ तथा राजस्व व्यय को ₹1,20,851.90 करोड़ दर्शाया गया है परंतु इन आंकड़ों में आम जनता के जीवन स्तर में ठोस सुधार का कोई रोडमैप नहीं दिखता। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के नाम पर केवल योजनागत प्रचार दिखाए गए हैं, लेकिन रोजगार, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए ठोस एवं नवीन पहल का अभाव है। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्थायी रोजगार सृजन की दिशा में कोई स्पष्ट नीति या बड़े निवेश की घोषणा नहीं की गई है। किसानों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए बजट में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं दी गई है। शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी विकास के क्षेत्र में आवंटन तो दर्शाया गया है, परंतु पिछली योजनाओं के परिणामों की समीक्षा और जवाबदेही का अभाव है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का खेल है, जिसमें पिछले वर्ष की तरह इस बार भी जनता को "छलावा" परोसा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आधारभूत संरचना की चुनौतियों पर गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि हज़ारीबाग सहित पूरे झारखंड की जनता एक ऐसे बजट की अपेक्षा करती थी, जो युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भरता, किसानों को राहत और शहरों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ प्रदान करे। किंतु प्रस्तुत बजट में न तो दूरदृष्टि है और न ही ठोस कार्ययोजना। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार से मांग की कि वह जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बजट प्रावधानों की पुनर्समीक्षा करे तथा वास्तविक विकास और पारदर्शिता सुनिश्चित करे।

# बरही के तीन विद्यालयों को एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराया गया खेल किट

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल व बरही विधायक मनोज यादव के प्रयास से एनटीपीसी द्वारा बरही क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में खेल किट उपलब्ध कराया गया। इसके तहत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही एवं प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा को खेल सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, बरही पूर्वी मंडल प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सांसद व विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बहुत जल्द परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू कराने का प्रयास सांसद हजारीबाग व बरही विधायक के द्वारा किया जा रहा है जो जल्द ही प्लस टू परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हो जाएगा। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि सांसद मनीष जयसवाल शिक्षा के साथ-साथ खेल के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। विद्यार्थियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी व मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने संयुक्त रूप से कहा कि एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री से विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और छात्र-छात्राएं जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। वितरित खेल सामग्री में क्रिकेट किट, फुटबॉल किट, वॉलीबॉल किट, बैडमिंटन किट तथा फर्स्ट एड किट शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने सांसद मनीष जयसवाल, बरही विधायक मनोज यादव एवं एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, राजकुमार केशरी, कैलाशपति सिंह, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक शिव कुमार, शिक्षक सुनील द्विवेदी समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# झारखंड का अबुआ दिशोम बजट सिर्फ आंकड़ों का : मनीष जायसवाल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकास का रोडमैप नहीं, बल्कि राज्य के वित्तीय कुप्रबंधन की विफलता का एक निराशाजनक दस्तावेज़ है। रजत जयंती वर्ष के नाम पर परोसा गया यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन और आधारहीन है, जिसमें विजन का नितांत अभाव झलकता है। सरकार न तो राजस्व सृजन की कोई स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत कर पाई है और न ही विकास की कोई ठोस और दीर्घकालिक दिशा दिखा सकी है। यह बजट केवल आंकड़ों का एक ऐसा मायाजाल बनकर रह गया है, जिसका जमीनी हकीकत और झारखंड की आम जनता की जरूरतों से कोई सीधा सरोकार नजर नहीं आता। उक्त बातें झारखंड सरकार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए अबुआ दिशोम बजट पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने मनीष जायसवाल ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य का युवा वर्ग आज खुद को सबसे अधिक ठगा हुआ महसूस कर रहा है, क्योंकि इस बजट में न तो रोजगार के लिए कोई ठोस पहल है और न ही छात्रवृत्ति या अवसरों के विस्तार की कोई स्पष्ट योजना। 10 लाख नौकरियों का वादा करने वाली सरकार ने अनुबंधकर्मियों के भविष्य और युवाओं के सशक्तिकरण पर पूर्ण चुप्पी साध रखी है। इसी तरह अन्नदाता किसानों के लिए कोई सार्थक राहत नहीं दी गई है और न ही महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन हेतु कोई मजबूत कदम उठाया गया है।

सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिला अस्पतालों में मेमोग्राफी और पेट स्कैन जैसी आधुनिक सुविधाओं की घोषणा केवल "मुंगेरीलाल के हसीन सपने" दिखाने जैसा है, क्योंकि वर्तमान में संचालित बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। झारखंड को आज खोखले दावों और कागजी घोषणाओं की नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है। यह बजट जन अपेक्षाओं की कसौटी पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

# चतरा में 'लोकतंत्र की हत्या' और प्रशासनिक मिलीभगत का सनसनीखेज खुलासा, फर्जी ग्राम सभा के दम पर उजाड़ा जा रहा डुमरी कला गाँव

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित ग्राम डुमरी कला में इन दिनों जिला प्रशासन और खनन माफियाओं के बीच एक ऐसा 'अनैतिक और अपवित्र गठबंधन' देखने को मिल रहा है, जिसने संवैधानिक मूल्यों को ताक पर रख दिया है। स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीराम पाण्डेय द्वारा जुटाए गए साक्ष्य यह चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि चतरा का जिला प्रशासन माफियाओं के आगे नतमस्तक है। यहाँ कानून का शासन नहीं, बल्कि 'माफिया राज' चल रहा है।

**मुख्य बिंदु और गंभीर आरोप:** संवैधानिक धोखाधड़ीः फर्जी ग्राम सभा का खेल सबसे शर्मनाक तथ्य यह है कि माइनिंग और क्रशर लीज के लिए अनिवार्य 'ग्राम सभा' की प्रक्रिया को महज कागजी खानापूर्ति और धोखाधड़ी तक सीमित कर दिया गया है। ग्रामीणों को अन्य विकास कार्यों का झांसा देकर उनके हस्ताक्षर लिए गए और बाद में उन्हें खनन की सहमति के रूप में इस्तेमाल किया गया। यह PESA कानून (1996) और संविधान की पाँचवीं अनुसूची का खुला उल्लंघन है। बिना वास्तविक जन-सहमति के लीज देना न केवल अवैध है, बल्कि एक बड़ा आपराधिक षड्यंत्र है।

मुखिया पति ही 'किंगपिन': हितों का सीधा टकराव पंचायती राज व्यवस्था में मुखिया का पद गाँव के संसाधनों की रक्षा के लिए होता है। लेकिन यहाँ मुखिया पति समरेश सिंह (पिंटू सिंह) स्वयं माइंस मालिक की भूमिका में हैं। यह न केवल नैतिक पतन है, बल्कि कानूनी रूप से 'हितों के टकराव' (Conflict of Interest) का मामला है। अपनी राजनीतिक शक्ति का उपयोग कर उन्होंने न केवल फर्जी ग्राम सभा आयोजित करवाई, बल्कि पूरे प्रशासनिक अमले को अपनी जेब में कर लिया है। लोकतंत्र के नाम पर 'पारिवारिक डकैती' ग्राम सभा, जो गाँव की संसद होती है, उसे मुखिया और उनके पति ने अपनी 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' बना लिया है। माफिया-मुखिया गठबंधन ने उन ग्रामीणों को पैसे देकर चुप करा दिया जिनकी जमीनें लीज में आईं, लेकिन पूरे गाँव के सामूहिक हितों (हवा, पानी, शांति) को बेच दिया। जिन ग्रामीणों की जमीन नहीं गई, उनकी आपत्तियों को डरा-धमका कर या फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए दबा दिया गया।

आस्था के केंद्रों और जल स्त्रोतों पर 'बुलडोजर' मुनाफे की हवस में माफियाओं ने गाँव की जीवनरेखा माने जाने वाले 'अहरा' (पारंपरिक जल स्त्रोत) के प्राकृतिक बहाव को मलबे से पाट दिया है। इतना ही नहीं, माइंस और क्रशर का संचालन प्राथमिक विद्यालय, प्राचीन देवी मंदिर, शिव मंदिर और पंचायत भवन के इतने करीब हो रहा है कि बच्चों का भविष्य और ग्रामीणों की गहरी आस्था—दोनों मलबे के नीचे दब रहे हैं।

**सत्ता का दुरुपयोगः** सरकारी संपत्ति की बंदरबांट भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा देखिए कि पंचायत की मुखिया श्रीमती साधना सिंह पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी पैक्स (PACS) धान भंडारण भवन / बीज निर्माण केंद्र को क्षतिग्रस्त कर दिया ताकि माइंस के लिए निजी रास्ता बनाया जा सके। विडंबना यह है कि इस सरकारी भवन



को अब मुखिया के परिजनों द्वारा संत रामपाल का 'आश्रम' के नाम पर अवैध कब्जे में रखा गया है। यह सीधे तौर पर सरकारी धन के गबन और पद के दुरुपयोग का मामला है। जानलेवा ब्लास्टिंग और आवासीय संकट बीते 23 जनवरी 2026 की शाम हुए एक शक्तिशाली विस्फोट ने गाँव को हिलाकर रख दिया। इस अवैध ब्लास्टिंग के कारण श्रीराम पाण्डेय का आवासीय भवन बुरी तरह जर्जर हो चुका है। दीवारों में आई चौड़ी दरारें किसी भी पल बड़े हादसे को दावत दे रही हैं। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद प्रशासन ने आज तक मौके का मुआयना करना उचित नहीं समझा।

**प्रशासनिक चुप्पीः** कर्तव्यहीनता या मौन सहमति ? जून 2024 से लेकर अब तक पीड़ित द्वारा 6 बार लिखित आवेदन और अनगिनत ई-मेल भेजे गए, लेकिन अंचल पदाधिकारी (CO), अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) और जिला प्रशासन की रहस्यमयी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या अधिकारी IPC की धारा 166 के तहत अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल नहीं हैं? क्या यह चुप्पी किसी बड़ी 'मासिक सेटिंग' का परिणाम है?

अतः उपर्युक्त तथ्यों, प्रमाणों एवं लगातार दिए गए आवेदनों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना अत्यंत गंभीर चिंता का विषय है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि अवैध खनन संचालन, फर्जी ग्राम सभा और जनविरोधी गतिविधियों को मौन स्वीकृति प्रदान की जा रही है, जिससे क्षेत्र की सामाजिक, धार्मिक, पर्यावरणीय एवं आर्थिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है।

इस संबंध में स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीराम पाण्डेय द्वारा जिला प्रशासन को यह अंतिम विधिक चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित मांगों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए —

मुख्य मांगें

1. फर्जी ग्राम सभा की उच्चस्तरीय जांचः ग्राम सभा की प्रक्रिया को धोखाधड़ी, दबाव एवं गलत तथ्यों के आधार पर संपन्न किया गया है। अतः इसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पदाधिकारियों एवं संबंधित खनन कंपनियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

2. धार्मिक स्थलों एवं जल स्त्रोतों की सुरक्षा : खनन गतिविधियों के कारण क्षेत्र के मंदिर, देवस्थल, कुएं, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों को गंभीर क्षति पहुँच रही है। अतः ऐसे सभी खनन कार्यों को तत्काल प्रभाव से बंद कर क्षेत्र को संरक्षित घोषित किया जाए।

3. सरकारी भवनों को मुक्त कर कार्रवाई : अवैध कब्जे एवं खनन गतिविधियों के कारण क्षतिग्रस्त PACS भवन एवं बीज निर्माण केंद्र को तत्काल मुक्त कराया जाए तथा इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए।

# 10 मार्च से आंदोलनकारियों का विधानसभा मार्च- प्रदर्शन, धरना, रहने खाने की व्यवस्था के साथ सभी भाग लेंगे

लोकतंत्र की आवाज

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में हेमंत सरकार से जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी झारखंड आंदोलनकारी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु सरकार से देने की मांग तथा झारखंड आंदोलनकारियों के बाल- बच्चों ,आश्रितों के अधिकारों व अपने स्वाभिमान की रक्षा तथा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन कर झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान देने की मांग को लेकर 10 मार्च 2026 से झारखंड आंदोलनकारियों का अनिश्चितकालीन विधानसभा मार्च-प्रदर्शन धरना आहूत रने का निर्णय लिया गया . कार्यक्रम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरंभ पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा. इसकी लिखित सूचना मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन को दे दी गई है.

मौके पर मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, ऑल इंडिया किसान सभा



के महामंत्री राजन क्षीरसागर,झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा के अध्यक्ष ललित नारायण,खतियानी परिवार के अध्यक्ष मो हकीम सहित राज्य भर के हजारों आंदोलनकारी व समाजिक कार्यकर्ता गण भाग लेंगे. उक्त जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि एक-एक आंदोलनकारी अपने स्वाभिमान की रक्षा की लड़ाई स्वयं लड़ेंगे. आंदोलनकारी गण रहने खाने का समान लेकर एवं परंपरागत अस्त्र शस्त्र व लाल हरा मिश्रित झंडा के साथ कार्यक्रम में पहुंचेंगे. आंदोलनकारियों ने तय किए हैं रोज-रोज ,तिल-तिल कर मरने से अच्छा हैं संघर्ष करते हुए शहादत को सलाम करेंगे. उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान व समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार अभी तक नहीं मिला है. समारोह पूर्वक राजकीय मान- सम्मान सरकार के संकल्प के अनुरुप नहीं मिलना दुर्भाग्य की बात है. इस बात को लेकर आंदोलनकारियों में आक्रोश व्याप्त है. राज्य बनने के पश्चात लगभग 3503 आंदोलनकारी मर चुके हैं. उनके आश्रित - पत्नी ,बेटा- बेटी ,पति वगैरह भटक रहे हैं. सामाजिक ,आर्थिक, बौद्धिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं. सरकार में उनकी बातें सुनी नहीं जा रही है, सचिवालय में घुसने नहीं दिया जाता है. आयोग भी बंद है. आखिर सरकार बताएं आंदोलनकारी गण क्या करेंगे? उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि आज तक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को गजट नोटिफिकेशन करके झारखंड आंदोलनकारी का सर्वोच्च सम्मान नहीं दिया गया है आखिर क्यों? उन्होंने कहा कि आज हम अपनी पहचान अस्तित्व एवं अस्मिता के सवाल को लेकर एक बार फिर से संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं.

# धनबाद नगर निगम चुनाव वार्ड 7 में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण मतदान, पुलिस की मुस्तैदी से लोकतंत्र का महापर्व बना सफल

लोकतंत्र की आवाज़

**पप्पु गुप्ता , ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** नगर निकाय चुनाव के तहत वार्ड संख्या 7 के विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कुल 12,163 मतदाताओं में से 7,257 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो क्षेत्र में लोकतांत्रिक जागरूकता और सहभागिता का बड़ा संकेत है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं और मतदाताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में मतदान किया।

इस दौरान जोगता थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में जोगता थाना की पुलिस टीम तथा अन्य थाना प्रभारियों की संयुक्त टीम लगातार अपने-अपने थाना क्षेत्र में गश्ती करती रही। सभी संवेदनशील और सामान्य बूथों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की सक्रियता, तत्परता और सजग निगरानी के कारण पूरे दिन कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। मतदाताओं ने भी निर्भय होकर मतदान किया और पुलिस प्रशासन की



कार्यशैली की सराहना की।

मतदान के आंकड़ों पर नजर डालें तो बूथ संख्या 3340 (7/13) में सबसे अधिक 831 वोट पड़े। इसके अलावा बूथ 330 (7/3) में 728 और बूथ 332 (7/5) में 726 मतदान के साथ बेहतर प्रतिशत दर्ज किया गया। बूथ 328 (7/1) में 539, बूथ 333 (7/6) में 601, बूथ 334 (7/7) में 621, बूथ 336 (7/9) में 551 और बूथ 337 (7/10) में 592 मतदाताओं ने मतदान किया। महिला मतदाताओं की भागीदारी भी कई केंद्रों पर पुरुषों के बराबर रही, जो लोकतंत्र के प्रति बढ़ती जागरूकता और सशक्तिकरण का परिचायक है।

पूरे दिन प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और सुरक्षा बल लगातार भ्रमणशील रहे। जोगता थाना प्रभारी सहित सभी थाना प्रभारियों की टीम की मुस्तैदी और बेहतर समन्वय के कारण मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने में पुलिस प्रशासन की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही, जिसकी चर्चा आम मतदाताओं के बीच भी होती रही। वार्ड 7 के मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर मजबूत जनभागीदारी का संदेश दिया।

# धनबाद के सर्विस वाहन काम के दौरान गहरी खाई में गिरि, 4 कर्मी बुरी तरह से घायल

लोकतंत्र कु आवाज़

**पप्पु गुप्ता ,ब्योरो चीफ**
**धनबाद कतरास ।** बाघमारा बीसीसीएल क्षेत्र संख्या-3 के अंतर्गत संचालित STG डेको आउटसोर्सिंग कतरास के केलुडीह में उसे वक्त हड़कंप मच गया जब एक सर्विस वाहन कार्य के दौरान गहरी खाई में गिर गयी. वाहन सवार 4 कर्मी बुरी तरह से घायल हो गये. जिसे प्रबंधन द्वारा सभी घायलों को निजी अस्पताल भेजा गया. जहां सभी घायलों की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है.

घटना को लेकर बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर सर्विस वेन कार्य कर रही



थी वहां पर रास्ता ठीक नहीं होने के कारण वाहन खाई में गिर गई. आपको बताते चले कि अंगारपथरा स्थित मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में 5 माह पहले भी इसी तरह से एक घटना हुई थी. जिसमें सर्विस वैन में सवार 6 मजदूरों की मौत गहरी खाई में गिरने से हो गई थी. इस घटना को लेकर जब प्रबंधन से सवाल पूछा तो उन्हेंने कुछ भी कहने से साफ इनकार कर दिया. आउटसोर्सिंग कंपनी को DGMS (खान सुरक्षा महानिदेशालय) नियमों का पालन करना होता हैं, लेकिन यहां पर नियमों को ताख पर रखकर कार्य किया जाता हैं. सवाल ये है कि आखिर क्यों इस तरह का घटना बार-बार आउटसोर्सिंग कंपनियों में होती है. बीसीसीएल द्वारा हर वर्ष खान सुरक्षा का कार्यक्रम चलाया जाता है जिसमें कर्मियों को सुरक्षा देने, ओपन कास्ट माइंस को कैसे चलना है सारी जानकारी दी जाती है. बावजूद इस तरह की घटना होती रहती है और कई मजदूरों की जान चली जाती है.

# झारखंड के राँची विधानसभा में प्रदूषण पर हंगामा: वेदांता ईएसएल पर गंभीर आरोप

लोकतंत्र की आवाज

झारखंड । विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में दामोदर नदी के बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण का मुद्दा जोरदार तरीके से उठा। विधायक सरयू राय ने विशेष रूप से दामोदर नदी में औद्योगिक प्रदूषण, केमिकल डिस्चार्ज और अतिक्रमण के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सतत प्रयासों से कुछ समय पहले दामोदर नदी औद्योगिक प्रदूषण से लगभग मुक्त हो गई थी, लेकिन अब फिर से यह प्रभावित हो रही है। सरयू राय ने सदन में कई गंभीर आरोप लगाए, जिनमें दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) के चंद्रपुरा ताप विद्युत गृह के ऐश पॉन्ड विस्तार में नदी क्षेत्र का अतिक्रमण, बोकारो ताप बिजली घर की क्षतिग्रस्त पाइपलाइन से दूषित बहिस्त्राव का कोनार नदी में गिरना और एनटीपीसी द्वारा टंडवा क्षेत्र में कोयला खनन से निकले दूषित पानी को सीधे दामोदर नदी में प्रवाहित करना शामिल है।

इसके अलावा, बोकारो के वेदांता ईएसएल प्लांट पर स्थानीय लोगों ने गंभीर इल्जाम लगाया कि यह प्लांट केमिकल युक्त पानी नदी में बहा रहा है, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है और विधानसभा से जांच टीम भी वापस यहां से लौटी है। किसान संग्राम समिति की नेत्री सोनिया कुमारी मुर्मू ने आरोप लगाया कि प्लांट के खिलाफ आवाज उठाने वालों को या तो रिश्वत देकर मैनेज कर लिया जाता है या कानूनी



जाल में फंसा दिया जाता है। उन्होंने सरकार से इस पर तत्काल गंभीर संज्ञान लेने और सख्त कार्रवाई करने की मांग की।स्थानीय लोग भी वेदांता ईएसएल प्लांट के खिलाफ लगातार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, क्योंकि प्लांट की गतिविधियां उनके स्वास्थ्य, कृषि और जल स्त्रोतों को प्रभावित कर रही हैं। वे प्रदर्शन और याचिकाओं के माध्यम से सरकार से त्वरित हस्तक्षेप की अपील कर रहे हैं, ताकि नदी को और प्रदूषित होने से बचाया जा सके।वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई थी, जिसने जांच पूरी कर आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। विभाग को हर महीने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कानूनों (जैसे जल एवं वायु संरक्षण अधिनियम) का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि यदि उल्लंघन के ठोस तथ्य सामने आते हैं, तो संबंधित एजेंसियों, कंपनियों या प्लांट्स के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सरकार नदी की सफाई और प्रदूषण रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।दामोदर नदी झारखंड और पड़ोसी राज्यों के लाखों लोगों की जीवनरेखा है, लेकिन औद्योगिक गतिविधियों, खनन और प्लांट्स के डिस्चार्ज से यह लगातार प्रदूषित हो रही है। सरयू राय जैसे विधायकों द्वारा बार-बार यह मुद्दा उठाया जा रहा है, लेकिन कई लोग मानते हैं कि इस पर अभी भी पर्याप्त और निर्णायक कार्रवाई नहीं हो रही है। वेदांता ईएसएल प्लांट सहित अन्य औद्योगिक इकाइयों पर लगे आरोपों पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि नदी को बचाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मॉल में नाबालिगों से कार्य कराने का मामला: श्रम विभाग की जांच पर उठ रहे सवाल



लोकतंत्र की आवाज
विनोद कुमार राम
भभुआ , कैमूर । जिले के भभुआ स्थित सब्जी मंडी के पास हाल ही में खुले 'डी—हब मॉल' के उद्घाटन और प्रचार में नाबालिग बच्चों से श्रम कराने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बच्चों से काम कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।
जांच के नाम पर औपचारिकता? : चर्चाएं तेज होने के बाद श्रम विभाग की टीम वायरल वीडियो की सत्यता जांचने मॉल पहुंची थी, लेकिन पुलिस बल साथ न होने के कारण टीम को बैरंग लौटना पड़ा। शनिवार को विभाग ने मॉल संचालक से पूछताछ तो की, लेकिन वीडियो से जुड़ी ठोस जानकारी जुटाने में टीम असफल रही। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि क्या श्रम विभाग की कार्रवाई केवल छोटे व्यापारियों तक ही सीमित है? लोग सवाल कर रहे हैं कि स्पष्ट वीडियो साक्ष्य होने के बाद भी क्या विभाग केवल खानापूर्ति कर रहा है?
श्रम अधीक्षक का पक्ष: इस संबंध में कैमूर श्रम अधीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि विभाग ने वीडियो बनाने और उसे वायरल करने वाले व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि जब तक कोई गवाह सामने नहीं आता, तब तक मॉल संचालक के खिलाफ कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई करना संभव नहीं है।
नियमों को ताक पर रख कराया गया कार्य : सूत्रों के अनुसार, मॉल संचालक ने प्रचार खर्च बचाने के उद्देश्य से असहाय नाबालिग बच्चों का सहारा लिया। उद्घाटन के दौरान बच्चों की पीठ पर प्रचार सामग्री बांधकर उन्हें पूरे शहर में घुमाया गया। जिला प्रशासन के नियमों की अनदेखी कर कराए जा रहे इस कार्य का कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया था।

### अनुमंडलीय अस्पताल मे इलाज कराने आई महिला की संदिग्ध स्थिति में मौत



लोकतंत्र की आवाज
मोहनिया । अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार की सुबह इलाज कराने आई एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।मृतक महिला डड़वास गांव निवासी शंकर यादव की पत्नी विमला देवी बताई जा रही है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार विमला देवी मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे पेट में दर्द की शिकायत लेकर अनुमंडलीय अस्पताल इलाज कराने पहुंची थीं.इसी दौरान वह अस्पताल के बाथ रुम में गईं,जहां गिर पड़ीं।बताया जाता है कि वह गलती से पुरुष शौचालय की ओर चली गई थीं.उसी समय एक दूसरा मरीज बाथरूम की ओर गया तो देखा कि जमीन पर महिला गिरी हुई है, उसे उठा कर इमरजेंसी वार्ड में लाया गया,डाक्टर ने तुरंत सीपीआर दिया,उसके बाद महिला की स्थिति में सुधार नही दिखाई दी। इस संबंध में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. विजय कुमार ने मंगलवार की दोपहर बताया कि प्रथम दृष्टया महिला की अचानक हृदय गति रुकने का प्रतीत होता है,महिला का ईसीजी कराने पर मृत्यु की पुष्टि हुई,कागजी प्रकिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### एफआरके चावल की अनुपलब्धता से धान अधिप्राप्ति संकट में, पैक्स अध्यक्षों ने जताई चिंता



लोकतंत्र की आवाज
रामगढ़ । धान अधिप्राप्ति की धीमी रफ्तार और एफआरके चावल की कमी को लेकर रामगढ़ में पैक्स अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह ने वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामगढ़ क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्षों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और एक स्वर में समस्याओं को रखा। बैठक में मुख्य रूप से सतेंद्र सिंह पैक्स अध्यक्ष, सहूका, संजय सिंह पैक्स अध्यक्ष, महुअर, इत्यादि मौजूद रहे।
प्रमुख समस्याएं और चुनौतियां: बैठक के दौरान राजीव कुमार सिंह व अन्य अध्यक्षों ने बताया कि धान अधिप्राप्ति की प्रिरया में सबसे बड़ी बाधा एफआरके चावल की भारी कमी है। एफआरके चावल उपलब्ध न होने के कारण मिल मालिक पैक्सों से चावल नहीं ले पा रहे हैं। गोदामों में जगह न होने और मिलों द्वारा उठाव बंद होने से किसानों से धान की खरीदारी लगभग ठप पड़ गई है। खरीदारी न होने से पैक्सों पर बैंक ब्याज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। धान का सीजन खत्म होने वाला है, लेकिन अब तक कई पैक्सों का बहुत कम लॉट चावल ही सरकारी गोदामों में गिर पाया है।
सरकार से अपील : पैक्स अध्यक्षों ने बिहार सरकार, केंद्र सरकार और खाद्य आपूर्ति मंत्री से मांग की है कि जल्द से जल्द एफआरके चावल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने से वंचित रह जाएंगे।

# भभुआ में कांग्रेसियों का आक्रोश मार्च, प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया




**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर** । मंगलवार की शाम करीब 3 बजे भभुआ के एकता चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आक्त्रोश मार्च निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। यह मार्च कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए एकता चौक पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष सूचित पांडेय ने बताया कि एआई समिट कार्यक्त्रम के दौरान विरोध जताने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चीब और उनके साथियों को गिरफ्तार किया गया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।उन्होंने कहा कि उक्त गिरफ्तारी के विरोध में तथा न्याय की मांग को लेकर यह आक्त्रोश मार्च निकाला गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार शांतिपूर्ण विरोध को दबाने का प्रयास कर रही है।यदि सरकार ने शीघ्र ही कार्रवाई वापस नहीं ली तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। कार्यक्त्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के खिलाफ नारे लगाए और पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेश्याम कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष हरीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्त्रम के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और स्थिति सामान्य बनी रही।

# "बेटियां किसी से कम नहीं," रामगढ़ में एसपी हरिमोहन शुक्ला ने जगाया आत्मविश्वास

**बिहार पुलिस सप्ताह**

**लोकतंत्र की आवाज**





**कैमूर** । बिहार पुलिस सप्ताह 2026 के उपलक्ष्य में स्थानीय आदर्श बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2) के प्रांगण में महिला सशक्तिकरण विषय पर निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कैमूर एसपी श्री हरिमोहन शुक्ला ने छात्राओं को सुरक्षा और स्वावलंबन का मंत्र दिया। इस अवसर पर एसडीपीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा और विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही

**निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान आयोजित निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचारों से सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के बाद एसपी महोदय ने विजेता छात्राओं को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया: प्रथम स्थान: हर्षिता मौर्या, द्वितीय स्थान: आंचल कुमारी, तृतीय स्थान: साक्षी सिंह

विजेताओं को सम्मानित करते हुए एसपी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अन्य छात्राओं को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

पिंक स्कूटी: अब सादे लिबास में भी बेटियाँ होंगी सुरक्षित: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी हरिमोहन शुक्ला ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि महिला पुलिस अधिकारियों को पिंक (गुलाबी) कलर की स्कूटी उपलब्ध कराई जा रही है। "अगर आपको रास्ते में कोई तंग करे या पीछा करे, और आपको स्कूल के आसपास सिविल ड्रेस में कोई महिला पिंक स्कूटी पर दिखे, तो समझ जाइएगा कि वह पुलिस अधिकारी है। बिना डरे उन्हें अपनी समस्या बताएं।"

**डायल 112: संकट में आपका सबसे बड़ा साथी:** एसपी ने पुलिस की कार्यप्रणाली को समझाते हुए कहा कि पुलिस आपकी दोस्त और भाई की तरह है। उन्होंने 'डायल 112' की महत्ता पर जोर देते हुए बताया त्वरित सहायता: घर में कोई भी इमरजेंसी हो, आग लगी हो या सुरक्षा की जरूरत हो, तुरंत 112 डायल करें। केंद्रीकृत कंट्रोल: यह सेवा पटना से नियंत्रित होती है और पुलिसकर्मी डिजिटल पैड से लैस होते हैं ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। साइबर सुरक्षा: साइबर फ्रॉड होने पर भी पुलिस की मदद लेने में संकोच न करें।

**UPSC टॉपर का दिया उदाहरण, बढ़ाया हौसला:** छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए एसपी ने कहा कि आज के दौर में माता-पिता अपनी बेटियों को बेटों के बराबर अवसर दे रहे हैं। उन्होंने इलाहाबाद की एक बेटी (UPSC टॉपर) का उदाहरण देते हुए कहा, "कभी यह न सोचें कि हम लड़कियां हैं तो कैसे कर पाएंगी। आप लड़कों से बेहतर कर सकती हैं।"

## रेलवे ओवरब्रिज और खेल स्टेडियम बनाने के लिए विधायक ने सदन में किया मांग

**लोकतंत्र की आवाज**



**दुर्गावती** ।रामगढ़ विधानसभा के बसपा विधायक सतीश यादव उर्फ पिंटू के द्वारा मंगलवार को सदन में दुर्गावती प्रखंड क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड पर कर्मनाशा बाजार एवं खङसरा गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज बनाने के लिए मांग किया गया। उन्होंने कहा कि वर्षों से ग्रामीणों की मांग रही है लेकिन दोनों जगहो पर आज तक रेलवे ओवर ब्रिज नहीं बनाया गया।

बताते चलें कि इसे लेकर कई बार ग्रामीणों के द्वारा कर्मनाशा रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन किया गया तो वहीं खङसरा गांव के लोगों के द्वारा वोट का बहिष्कार भी किया गया। लेकिन अभी तक रेलवे ओवरब्रिज नहीं बना जिसे लेकर विधायक के द्वारा एक बार फिर सदन में रेलवे ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई। वही विधायक के द्वारा सदन में दुर्गावती प्रखंड में स्टेडियम निर्माण के लिए भी मांग किया गया। जिस पर खेल मंत्री के द्वारा आश्वासन दिया गया की जिस जगह पर मांग की जा रही है वहां पर जगह कम है।दुर्गावती में जगह चयनित करके एक खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। विधायक के इस पहल से दुर्गावती में खेल परंपरा जो पहले से एकलव्य आवासीय कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र चल रहा था उसे नया आयाम मिलेगा और दुर्गावती ही नहीं रामगढ़ विधानसभा और पूरे कैमूर जिले के युवाओं को खेल के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी।

# सातों एवती गोडसरा में गूंज रहे महादेव के जयकारे, तीसरे दिन भी भक्ति की रसधार में डूबे श्रद्धालु

**लोकतंत्र की आवाज**





**कैमूर** । जिले के नुआव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सातों एवती गोडसरा में आयोजित 'श्री शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ एवं पंच देव प्राण प्रतिष्ठा' महोत्सव के तीसरे दिन पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रामगढ़ क्षेत्र से भी कई लोग पहुंचे ,22 फरवरी से शुरू हुआ यह दिव्य आयोजन आगामी 28 फरवरी तक चलेगा, जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है।

**वेदी पूजन और अग्नि स्थापन के साथ आहुतियां प्रारंभ:** महायज्ञ के महत्वपूर्ण चरण में आज विद्वान आचार्यों के सानिध्य में सस्वर मंत्रोच्चार के साथ वेदी पूजन एवं अग्नि स्थापन का कार्य संपन्न हुआ। यजमानों ने विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां डालीं। सायंकाल हुई भव्य आरती में सैकड़ों भक्तों ने सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाया। यज्ञ की पवित्र अग्नि और धूप की सुगंध से समूचा क्षेत्र पावन हो उठा है।

**बहन शिखा तिवारी की वाणी से बह रही राम कथा की गंगा:** दोपहर के सत्र में सुप्रसिद्ध कथावाचक बहन शिखा तिवारी के मुखारविंद से श्री राम कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन उन्होंने भगवान राम के जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भाव—विभोर हो गए। उन्होंने बताया कि राम का चरित्र केवल पूजनीय नहीं, बल्कि अनुकरणीय भी है।

यज्ञ के साथ—साथ रात्रि कालीन सत्र में वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जा रहा है। भगवान कृष्ण और राधा रानी की मनमोहक लीलाओं को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हैं। कान्हा की माखन चोरी और गोपियों के साथ महारास के दृश्यों ने गोडसरा में लघु वृंदावन का अहसास करा दिया है।

# नौकरी का झांसा देकर राजस्थान में बेची गई नाबालिग बरामद, एक गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**कैमूर** ।पुलिस ने मानव तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए राजस्थान से एक नाबालिग बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। चैनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली इस बच्ची को नौकरी दिलाने के बहाने राजस्थान ले जाकर जबरन शादी कराने का मामला सामने आया है।

**मामले का मुख्य विवरण:** शिकायत: परिजनों ने करीब एक सप्ताह पूर्व पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि एक व्यक्ति उनकी बच्ची को बहला—फुसलाकर ले गया और वहां किसी अन्य व्यक्ति से उसकी जबरन शादी करा दी।

**पुलिस की कार्रवाई:** मामले की गंभीरता को देखते हुए भभुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने राजस्थान के चुरू जिले में छापेमारी कर किशोरी को बरामद किया।

**गिरफ्तारी:** पुलिस ने मौके से उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है जिसने बच्ची को अपने कब्जे में रखा था।

**खुलासा: 2 लाख में हुआ था सौदा :** पूछताछ के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। गिरफ्तार आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने बिचौलिए को दो लाख रुपये दिए थे और उसके बदले किशोरी से जबरन शादी की थी।

अगले कदम: न्यायिक प्रिरया: बरामद किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है और कोर्ट में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य तस्करों और बिचौलियों की पहचान करने में जुटी है।

जेल भेजा गया: गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की अपील: किसी भी अनजान व्यक्ति के नौकरी के झांसे में न आएं और अपने आसपास ऐसी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें।

# जूनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप के लिए कैमूर से मयंक कुमार का चयन

**लोकतंत्र की आवाज**



**विनोद कुमार राम**
**भभुआ कैमूर।** 46 वीं सब जूनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप 2026 वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, वेस्ट बंगाल वालीबॉल एसोसिएशन, हुगली जिला वालीबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 24 फरवरी 2026 से 1 मार्च 2026 तक हुगली में पांच दिवसीय आयोजित 46वीं सब जूनियर नेशनल वालीबॉल चैंपियनशिप में कैमूर के उभरते वॉलीबॉल के स्टार खिलाड़ी मयंक कुमार का चयन किया गया है, जो बिहार टीम के तरफ से अपने उत्कृष्ट कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

इस संबंध में जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉ तुलसी प्रसाद ने बताया कि कैमूर वॉलीबॉल के उभरते खिलाड़ी मयंक कुमार का चयन बिहार राज्य स्तरीय सब जूनियर वॉलीबॉल खिलाड़ियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बरौनी खेल गांव एथलेटिक्स क्लब मैदान में आयोजन के उपरांत नेशनल वालीबॉल खेल के लिए चयनित किया गया था। आप को बता दे की मयंक कुमार सोनहन थाना अंतर्गत पिया गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह के पुत्र हैं इन्होंने विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में जिला स्तर से लेकर राज्यस्तरीय में कई मेडल प्राप्त किया है मयंक को उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिला उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर के द्वारा सम्मानित भी किए गए हैं।

46वीं सब जूनियर वॉलीबॉल नेशनल खेल में चयनित होने पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर, ओम प्रकाश कुमार, वॉलीबॉल कोच सह जिला संयोजक कुलदीप सिंह, कौशल कुमार,योगेन्द्र सिंह,आलोक सिंह एथलेटिक्स जिला संयोजक दिलीप कुमार पटेल फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी सह संयोजक शौकत अली गद्दी, पप्पू कुमार अशरफ अली शारीरिक शिक्षा शिक्षक, उदय शंकर राय, ओम प्रकाश राम,रंजीत कुमार,रविंद्र पासवान रमेश कुमार, इम्तियाज अली सहित सैकड़ो खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर कर बधाई दी है उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई साथ ही नेशनल वालीबॉल खेल में जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

# बाइक व अरटिगा की आमने सामने की टक्कर, बाइक सवार की इलाज के दौरान हुई मौत

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहनिया।** शहर के एमपी कॉलेज के सामने अरटिगा और बाइक की आमने सामने की टक्कर मे बाइक सवार की आज मंगलवार को वाराणसी में इलाज के क्त्रम में मौत हो गई। मृतक की पहचान मोहनिया के वार्ड नंबर 7 स्टूवरगंज निवासी स्वर्गीय गफ्फार अंसारी के 67 वर्षीय पुत्र नजरुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर मोहनिया के एमपी कॉलेज के सामने मोहनिया से दुर्गावती की तरफ जा रही एक अरटिगा की सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया था,वही अरटिगा चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था,घायल की इलाज के क्रम में मंगलवार की सुबह मौत हो गई।

इस संबंध में मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने मंगलवार की दोपहर फोन पर जानकारी देते हुए बताया की सोमवार की दोपहर अरटिगा और बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार घायल हो गया था घायल को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया था आज परिजनों के द्वारा हमें सूचना दिया गया की इलाज के क्रम में घायल की मौत हो गई है, बाइक और अरटिगा कार को जप्त कर लिया गया है।परिजनों ने अभी आवेदन नहीं दिया है,आवेदन मिलते ही अरटिगा चालक के विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाई की जायेगी।

# राष्ट्रीय फलक पर चमकने को तैयार कैमूर का डहरक स्कूल: केंद्रीय टीम ने किया 'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय' का भौतिक सत्यापन

**लोकतंत्र की आवाज**



**कैमूर।** जिले के रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय, डहरक एक बार फिर राष्ट्रीय पहचान बनाने की ओर अग्रसर है।'स्वच्छ एवं हरित विद्यालय' रेटिंग के तहत विद्यालय का भौतिक सत्यापन करने के लिए केंद्रीय टीम डहरक पहुँची। इस चयन प्रक्रिया के बाद विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने की संभावना प्रबल हो गई है।

**कड़े मानकों पर खरा उतरा विद्यालय :** प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा देश भर के विद्यालयों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। इस प्रक्रिया में कुल 60 मानक तय किए गए थे। डहरक विद्यालय ने इन सभी मानकों को पूरा करते हुए अपनी दावेदारी पेश की थी।

**चयन की प्रक्रिया: जिला से दिल्ली तक का सफर :** जिला स्तर: कैमूर जिले से सात विद्यालयों की अनुशंसा राज्य स्तर के लिए की गई थी।

राज्य स्तर: पूरे बिहार से कुल 18 विद्यालयों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के लिए भेजा गया।

राष्ट्रीय स्तर: इसी कड़ी में केंद्रीय टीम के सदस्य श्री शोले कुमार ने विद्यालय का दौरा कर बारीकी से निरीक्षण किया।

**इन बिंदुओं पर हुआ गहन निरीक्षण:** केंद्रीय टीम ने विद्यालय के संसाधनों और प्रबंधन का जायजा लिया, जिसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल रहे: शुद्ध पेयजल की सुविधा और स्वच्छता। शौचालय प्रबंधन और किशोरी स्वास्थ्य। पोषण वाटिका और ईको क्लब की सक्रियता। बाल संसद और मीना मंच के सदस्यों के साथ संवाद। निरीक्षण के दौरान टीम ने न केवल भौतिक सुविधाओं को देखा, बल्कि नोडल शिक्षकों और छात्र समूहों से चर्चा कर उनके कौशल को भी परखा।

**टीम वर्क की सफलता :** इस अवसर पर प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक सुनीता कुमारी, आशीष कुमार मौर्य, विजय कुमार सिंह, विनय कुमार, माया कुमारी, अनीता चौधरी, अजीत कुमार यादव, संदीप कुमार प्रजापति, रवींद्रनाथ सिंह एवं विद्यालय की सभी रसोइयां उपस्थित रहीं।विद्यालय परिवार को पूरी उम्मीद है कि डहरक स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का मान बढ़ाएगा

## संक्षिप्त खबरें ।

### 33 वर्षीय बिबाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त



लोकतंत्र की आवाज
कोंच (जालौन)। कोच कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।जब काफी देर तक घर में कोई हलचल नहीं हुई तो परिजनों ने घर के अंदर जाकर देखा कि घर की बहू अंजलि कहां है जब उन्होंने कमरे में देखा तो अंजली फांसी के फंदे से लटकी मिली यह दृश्य देखकर परिजनों के पैरों तले से जमीन खिसक गई और घर में अफरा तफरी मच गई, कोच तहसील क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गयी जब 33 वर्षीय अंजली पत्नी विजय अहिरवार ने संदिग्ध परिस्थियों में फांसी लगाकर जीवन लीला को समाप्त कर ली है जब परिवारीजनों ने यह दृश्य देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद प्रभारी निरीक्षण वृजेश बहादुर सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गए और घटना का बारीकी से निरीक्षण करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्म हत्या का प्रतीत हो रहा है लेकिन पोष्ट मार्टम रिपोर्ट से ही घटना के बास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी वहीं इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### डीएम ने कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई।जिलाधिकारी अनुनय झा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित राजस्व अभिलेखागार का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पटलवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने राजस्व वसूली की स्थिति पर विशेष फोकस किया। उन्होंने अमीनवार औसत वसूली, बैंक देय एवं विविध देय के आंकड़ों को परखा। वसूली प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। कर्मचारी हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने एक वर्ष से लंबित पेंशन प्रकरणों और विद्युत देय कर्मचारियों की पदोन्नति संबंधी मामलों की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय कार्यवाहियों की अद्यतन स्थिति और ऑडिट आपत्तियों के समयबद्ध समाधान के लिए संबंधित सहायकों को आवश्यक निर्देश दिए।कार्यालय की कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने पत्रावलियों के सुव्यवस्थित रखरखाव और अनुभाग में उच्च स्तरीय साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष बल दिया। ताकि शासकीय कार्य पारदर्शिता और सुगमता के साथ संपादित हो सकें। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रियंका सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरुणिमा श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

### हरदोई : सवा करोड़ की ठगी में कंपनी मालिक समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ/शिवम गुप्ता
हरदोई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने निवेश के नाम पर करोड़ों हड़पने के आरोप में लखीमपुर खीरी, नोएडा गौतमबुद्ध नगर और बदायूं के पांच लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि कंपनी बनाकर लोगों को प्रतिमाह 10 प्रतिशत ब्याज देने का लालच दिया गया। बाद में रकम लेकर फरार हो गए। गांव कछेलिया निवासी संजीव कुमार ने 23 दिसंबर 2025 को न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह पाली कस्बे में फोटो स्टेट और जन सेवा केंद्र संचालित करता है। फरवरी 2023 में लखीमपुर खीरी के राजेपुर मितौली निवासी जय प्रकाश मौर्या उसके पास आए। एबी एमपीएल नामक कंपनी में निवेश का प्रस्ताव दिया।बताया निवेश धनराशि पर प्रति माह 10 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। मूलधन सुरक्षित रहेगा, जिसे कभी भी लिया जा सकता है। उनकी बात पर भरोसा कर संजीव ने फरवरी 2023 में डेढ़ लाख निवेश किए। शुरू में ब्याज की रकम मिलती रही। अगस्त 2025 तक उन्होंने कुल 18 लाख 61 हजार 699 रुपये निवेश किए। रनपाल, संजय, अजीत, अनिल, मान सिंह, चंद्रप्रकाश, धनंजय, अशोक, प्रदीप सहित अन्य लोगों ने भी नगद 99 लाख 83 हजार निवेश किए। कंपनी में कुल 1 करोड़ 18 लाख 45 हजार 690 रुपये जमा हो गए। सभी निवेशकों के नाम से कंपनी ने यूजर आईडी भी जनरेट की। जून 2025 में जानकारी हुई कि कंपनी निवेशकों की रकम लेकर फरार हो गई है। जांच में सामने आया कि कंपनी बदायूं के गांव निजामाबाद थाना कादर चौकी निवासी पुष्पेंद्र मौर्या, पत्नी नीलम रानी, भाई सत्यप्रकाश मौर्या और वर्तमान में चोटपुर कॉलोनी नोएडा गौतमबुद्ध नगर में रह रहे लोगचला रहे थे। सहयोगी के रूप में लखीमपुर खीरी निवासी जय प्रकाश मौर्या और कंपनी प्रमोटर समीर रहाने कार्य कर रहे थे। आरोप है कि आरोपितों ने छल-कपट और धोखाधड़ी के उद्देश्य से कंपनी बनाकर लोगों को निवेश के लिए भ्रमित किया और रकम हड़प ली। थानाध्यक्ष सोमपाल गंगवार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### बिहपुर बाजार में दिनदहाड़े मोबाइल चोरी, सीसीटीवी फुटेज वायरल

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर/नवगछिया। बिहपुर बाजार में दिनदहाड़े एक मोबाइल दुकान में चोरी की घटना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बाजार स्थित पिहु इंटरप्राइजेज नामक दुकान से एक युवक ने मौका पाकर महंगा मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।दुकान के संचालक शिवम कुमार ने बताया कि चोरी हुआ मोबाइल रियलमी कंपनी का था, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार रुपये है। उन्होंने बताया कि वह करीब दो मिनट के लिए अपने गोदाम में गए थे। इसी दौरान दुकान में ग्राहक बनकर आए एक युवक ने मौका देखकर मोबाइल पर हाथ साफ कर दिया और फरार हो गया। जब वह वापस लौटे तो मोबाइल गायब मिला, जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। घटना के बाद बाजार के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले बाजार में ज्यादातर चोरी की घटनाएं रात के समय होती थीं, लेकिन अब दिनदहाड़े इस तरह की वारदात होने से चोरों का मनोबल बढ़ता नजर आ रहा है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से बाजार क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। शिवम कुमार ने बताया कि इस संबंध में बिहपुर थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर शीघ्र कार्रवाई किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एडीएम के निरीक्षण से थर्राया गंगापुर सिटी में अवैध बना दस मंजिला व्योम टॉवर

## कोर्ट के आदेश पर हुई अवैध इमारत की नापतोल, रिपोर्ट तैयार : एडीएम

लोक तंत्र की आवाज



**विशेष संवाददाता**
**सवाई माधोपुर।** जिले के उप खण्ड गंगापुर सिटी शहर के आदर्श नगर में एसबीआई बैंक के पास बना लगभग 10 मंजिला अवैध व्योम टॉवर एडीएम एवं वर्तमान नगर परिषद के कार्यवाहक प्रशासक सुदर्शन तोमर के निरीक्षण के बाद थरथरा उठा और इस अवैध बिल्डिंग के भू स्वामी रंगलाल मीना और उनकी पत्नी सुमन देवी के होश उड़ गये, प्राप्त जानकारी के अनुसार आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने जनहित में आमजनता गंगापुर सिटी की ओर से माननीय सिविल न्यायधीश के न्यायालय में इस अवैध निर्माण के खिलाफ एक दावा दायर किया हुआ है जिसमें सुनवाई विचाराधीन है नगर परिषद से भू तल सहित मात्र प्रथम एवं द्वितीय तल पर भू निर्माण की स्वीकृति के बावजूद इसे संबंधित नगर परिषद के अधिकारियों की मिली भगत से लगभग दस मंजिलों तक अवैध बेसमेंट सहित बना दिया गया है।

कोर्ट के आदेश के बाद गंगापुर सिटी के एडीएम एवं नगर परिषद के वर्तमान प्रशासक सुदर्शन तोमर ने इस बहुमंजिला अवैध बनी इमारत का नगर परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निरिक्षण कर जायजा लिया और रिपोर्ट तैयार की, एडीएम के अचानक किये गये निरीक्षण से व्योम टॉवर थर्रा उठा जहां निरीक्षण में प्रत्येक मंजिल का निरीक्षण करके जायजा लिया गया और इसमें अवैध एवं अनैतिक निर्माण पाया गया वहीं निरीक्षण में देखा गया कि इस अवैध निर्माण का कार्य सुचारू रूप से जारी था साथ ही बिल्डिंग के बाहर निर्माण सामग्री एवं बांस बल्लियां डाली हुई थी जिससे यातायात व्यवस्था में भी अवरुद्ध पैदा हो रहा था जिसको भी एडीएम ने मौके पर हटाने के आदेश दिए अचानक हुई इस कार्यवाही से क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वाले भूमाफियाओं की बत्ती गुल होती हुई दिखाई दे रही है एडीएम के निरीक्षण की जब लाइव वीडियो रिपोर्ट एक पत्रकार के द्वारा अपने चैनल पर चलाई गई तो इस अवैध निर्माण के मालिक रंगलाल मीना द्वारा पत्रकार को जान से मारने एवं हाथ पैर तोड़ने सहित झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दे डाली जिस पर पीड़ित पत्रकार उत्तम कुमार मीना द्वारा एडीएम गंगापुर सिटी सहित अन्य संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायतें देकर कार्यवाही की मांग की है पत्रकार के साथ हुई।

इस घटना के बाद क्षेत्र के पत्रकार भी लामबंद हो गए है क्योंकि इस अवैध निर्माण के मालिक रंगलाल मीणा द्वारा पूर्व में भी वन्दे राजस्थान के पत्रकार शैलेन्द्र शर्मा एवं आमजनता की ओर से कोर्ट में केस लड़ रहे अधिवक्ता

### ■ पत्रकारों को धमकाने से नही बचेगा व्योम टॉवर : एडवोकेट राजा भैया

राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भैया को भी कोर्ट से केस वापिस लेने और उसकी अवैध बिल्डिंग (व्योम टॉवर) के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने अन्यथा जान से मारने व झूठे केस में फंसाने आदि की धमकियां दी जा चुकी है जिस पर कार्यवाहियां अभी विचाराधीन है एडवोकेट राजेन्द्र सिंह तोमर (राजा भैया) ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चतुर्थ स्तंभ है वह अपनी जान हथेली पर लेकर फील्ड में खबरों का संकलन करते है और उन्हें जनता तक पहुंचाते हैं लेकिन गंगापुर सिटी में जिस तरह भूमाफियाओं द्वारा पत्रकारों को धमकियां दी जा रही है उस पर पुलिस प्रशासन को तुरंत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करनी चाहिए और जो कि कानून सम्मत भी है साथ ही उन्होंने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन कभी पराजित नही हो सकता कानून के सामने अवैध निर्माण कर्ताओं के गलत मंसूबे कभी पूरे नही हो सकते है पत्रकारों को धमकाने से यह व्योम टॉवर या शहर में बनी बाकी की अवैध बहुमंजिला इमारतें बच नहीं सकती है सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार जल्द ही अवैध निर्मित व्योम टॉवर प्रशासन द्वारा धराशाही किया जाने वाला है और नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों पर भी गाज गिरनी निश्चित है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसा: तेज रफ्तार बस ने टेंपो व जुगाड़ गाड़ी को रौंदा, कई की मौत, दर्जन से अधिक लोग घायल



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** मंगलवार की शाम भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग पर झंडापुर थाना क्षेत्र के बगड़ी पुल के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। शाम करीब 6 बजे एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो और जुगाड़ गाड़ी में सवार मजदूरों व यात्रियों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था।कि मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिहपुर लाया गया। वहां डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए प्राथमिक उपचार किया और गंभीर रूप से घायल लोगों को बेहतर इलाज के लिए मायागंज, भागलपुर रेफर कर दिया। 5 से 6 लोगों की हालत नाजुक बताई जा रही है। मृतकों में समेली गांव थाना फलका, जिला कटिहार निवासी लगभग 30 वर्षीय अरविंद मंडल एवं 6 वर्षीय कुणाल कुमार खगड़िया जिला शामिल हैं। इस हादसे में अमन कुमार और उनकी पत्नी समेत एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हैं। इसके अलावा विजय कुमार मंडल (27), मनोज मंडल (35), मिट्ठू मंडल (30), राकेश कुमार मंडल (35), चंदन साहनी, राजू कुमार, शीला देवी सहित कई अन्य लोग घायल हुए हैं। दो मृतकों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी, जिनमें एक महिला भी शामिल है।

सूचना मिलते ही झंडापुर, खरीक व बिहपुर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। भागलपुर डीएम डॉ नवल किशोर चौधरी, एसपी प्रेरणा कुमार, नवगछिया डीएसपी ओम प्रकाश तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार सभी मजदूर कटिहार जिले के फलका थाना क्षेत्र के रहने वाले थे ।और ईंट भट्ठे पर काम कर टाटा ईंट भट्ठ से लौट रहे थे। वे टेंपो और जुगाड़ गाड़ी पर सवार थे। तभी बेलगाम बस ने उन्हें टक्कर मार दी। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व भी इसी क्षेत्र में एक अन्य सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई थी, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रशासन वर्सेज नागरिक एकादश मैच संपन्न



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** पीरपैंती प्रखंड के बाराहाट में प्रशासन एकादश वर्सेस नागरिक एकादश मैच का आयोजन किया गया।इस मैच का शुभारंभ माई जी महाराज ने पिता काटकर किया । टॉस जीत का प्रशासन एकादशी की टीम पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवरों में 133 रन बनाए ।जवाब में उतरी नागरिक एकादशी की टीम 106 रन पर सिमट गई। प्रशासन एकादश ने 27 रन से विजेता घोषित की गई। मैन ऑफ द मैच प्रशासन एकादश के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार को दिया गया ।जिन्होंने शानदार 73 रन बनाए और एक विकेट भी झटका ।इस अवसर पर मैच का आनंद लेने के लिए पूरा क्रिकेट स्टेडियम भरा हुआ था ।चौका छक्का पर दर्शक तालियां बज रहे थे। प्रदीप सिंह और सुमन पाण्डेय निर्णायक की भूमिका में थे।

# शिवराम व पूजा बनी महाविद्यालय के सबसे तेज धावक

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** दिनांक 24 फरवरी 2026 को बिहार विद्यापीठ अंतर्गत देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष श्री विजय प्रकाश एवं निदेशिका डॉ. मृदुला प्रकाश ने गुब्बारे उड़ाकर किया।अध्यक्ष श्री विजय प्रकाश ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाते हैं। निदेशिका डॉ. मृदुला प्रकाश ने प्रतिभागियों को आशीर्वचन देते हुए उत्साहपूर्वक भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती मिताली मित्रा ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री चन्द्रकांत आर्य, तकनीकी पदाधिकारी श्री मुकेश कुमार, श्री संतोष कुमार एवं श्री अमरजीत कुमार उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में शिवराम महतो प्रथम, विकास कुमार द्वितीय और विशाल कुमार तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में पूजा कुमारी ने प्रथम, सीमा कुमारी ने द्वितीय और ज्योति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार शिवराम महतो और पूजा कुमारी महाविद्यालय के सबसे तेज धावक एवं धाविका घोषित किए गए।

बालिका थ्री-लेग्स रेस में अंकिता कुमारी एवं ज्योति कुमारी प्रथम, मान्या एवं अंजलि द्वितीय तथा संध्या एवं सुधा तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में विकास एवं विशाल प्रथम, अमितेष एवं शिवराम द्वितीय तथा मिथुन एवं वेद तृतीय स्थान पर रहे।डिस्कस थ्रो (पुरुष वर्ग) में अमितेश प्रथम, वेद एवं धनंजय द्वितीय तथा मिथुन घोष तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में पुष्पांजलि प्रथम, अंजलि द्वितीय और रिंकी तृतीय स्थान पर रहीं। गोला फेंक (पुरुष वर्ग) में धनंजय प्रथम, सुनील कुमार द्वितीय और मिथुन घोष तृतीय रहे, जबकि महिला वर्ग में निशु एवं प्रीति प्रथम, स्मृति रानी द्वितीय और रानी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ।

# दूरस्थ जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं समस्याएं, दिव्यांग महिला के बच्चों को आरटीई के तहत दिलाया जाएगा प्रवेश

लोकतंत्र की आवाज



**उरई।** जनपद में सुशासन की भावना को साकार करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रातः 10 बजे अपने कार्यालय कक्ष से अधिकारियों को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त प्रकरणों पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई के दौरान एक मार्मिक प्रकरण सामने आया। आभा श्रीवास्तव, जो दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनकी पुत्री दीपाली कक्षा 5 एवं पुत्र दर्शन कक्षा 4 वर्तमान में अध्ययनरत हैं, किंतु वे चाहती हैं कि दोनों बच्चों का प्रवेश किसी अच्छे विद्यालय में कराया जाए, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें और उच्च पदों पर आसीन हो सकें। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों का प्रवेश शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बच्चों के आरटीई फार्म भरवाने से लेकर प्रवेश की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाए तथा उनकी शिक्षा-दीक्षा में किसी प्रकार की कमी न रहने पाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन गरीब, असहाय एवं निर्धन वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए निर्धारित समयसीमा में निस्तारित किया जाए।

# बिहार विधानसभा में गौवंश संरक्षण केंद्र स्थापना की उठाई मांग, विधायक इ. शैलेंद्र ने उठाया मुद्दा

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/ नवगछिया।** मंगलवार को बिहार विधानसभा के सदन में बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इ. शैलेंद्र ने राज्य में गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र स्थापित करने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि बिहार में अब तक गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए कोई समर्पित गौवंश संरक्षण केंद्र स्थापित नहीं किया गया है, जबकि अन्य राज्यों में इस दिशा में सरकारी स्तर पर व्यवस्था की गई है।

विधायक ने बताया कि ऐसे केंद्रों पर निराश्रित, परित्यक्त एवं बीमार गौवंश का संरक्षण, पालन-पोषण और उपचार किया जाता है।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा सहित कई राज्यों में गौ संरक्षण केंद्र संचालित हैं। बिहार के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित एवं घुमंतू गौवंश के कारण सड़क दुर्घटनाएं, फसल क्षति और जनसुरक्षा से जुड़ी समस्याएं लगातार बनी रहती हैं। इ. शैलेंद्र ने पूर्णिया, बिहपुर और भागलपुर सहित राज्यभर में एक ही परिसर में देसी नस्ल के संरक्षण, चिकित्सा, टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन तथा गोबर और गौमूत्र आधारित जैविक उत्पादों के निर्माण के लिए गौवंश संरक्षण केंद्र स्थापित करने की मांग की। उन्होंने संबंधित विभाग के मंत्री से सदन में स्पष्ट वक्तव्य देने का आग्रह किया।

इस पर राज्य के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि फिलहाल बिहार में गौवंश संरक्षण केंद्र नहीं है, लेकिन राज्य में 87 निबंधित गोशालाएं हैं, जिनमें 57 क्रियाशील हैं। इन गोशालाओं को मॉडल गोशाला के रूप में विकसित करने हेतु 20 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है, जिससे आधुनिकीकरण, देसी नस्ल संरक्षण, गोबर गैस प्लांट, वर्मी कंपोस्ट उत्पादन और चारा विकास जैसे कार्य किए जाते हैं। सदन की कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने अवैध एवं बिना लाइसेंस संचालित स्लॉटर हाउस पर समयसीमा तय कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक की मांग का अन्य सदस्यों ने भी समर्थन किया। मंत्री ने अगले वित्तीय वर्ष में इस प्रस्ताव पर गंभीरतापूर्वक विचार करने की बात कही।

# फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, पति समेत तीन के खिलाफ दहेज हत्या की FIR

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** विवाहिता का शव सोमवार रात नवविवाहिता का शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। मृतका के पिता ने ससुरालीजन पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने घटना की जांच की, फारेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाने को नमूने लिए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज हत्या की एफआइआर दर्ज की है।

उन्नाव के फत्तेपुर चौरासी के ग्राम महामाइन खेड़ा की पूजा रावत की शादी 15 मई 2025 को कासिमपुर के सफियापुर तिराहे के विपिन कुमार के साथ हुई थी। सोमवार की रात पूजा का शव कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलने पर मायके से पिता रामविलास व अन्य लोग मौके पर आ गए।मृतका के पिता ने बताया कि बेटी की शादी में सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए। दहेज में कार की मांग कर बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे।

दहेज की मांग पूरी न होने पर मंगलवार रात ससुरालीजन ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी।प्रभारी निरीक्षक घनश्याम राम ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर पति विपिन कुमार, ससुर रामसेवक, सास सावित्री के विरुद्ध दहेज हत्या की एफआइआर दर्ज कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यूजीसी के विरोध में 8 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल प्रदर्शन

लोक तंत्र की आवाज



**लखनऊ।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर अनूप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिंनाक 24 फ़रवरी 2026 को एन सी सी, विकास नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश कार्यालय पर यूजीसी क़ानून को लेकर प्रेसवार्ता एंव एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसमें सभी की सहमति से 8 मार्च 2026 को राम लीला मैदान दिल्ली में विशाल विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया उक्त प्रदर्शन में सभी संगठनों के संस्थापक और अध्यक्ष भी शामिल रहेंगे।

संगठन के अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूजीसी जैसे काले क़ानून हमारे देश की एकता व अखंडता को तोड़ सकती है इसलिए इस कानून का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध करना अनिवार्य है ताकि भारत देश की एकता बनी रहे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव पूर्व आईआरएस भारत सरकार ने कहा कि सवर्ण समाज को समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किसी भी कार्यक्रम से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन वोट बैंक की राजनीति में अंधा होकर सरकार यदि सवर्ण समाज के शोषण का कानूनी रास्ता बना दे, तो सवर्ण समाज चुप नहीं बैठेगा।डॉ. श्रीवास्तव ने याद दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात्र दो सीटों वाली पार्टी से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में सवर्ण समाज- चाहे क्षत्रिय हों, ब्राह्मण हों, बनिया हों या कायस्थ इनका अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सवर्ण समाज की सहजता और राष्ट्रप्रेम को उनकी कमजोरी समझने की भूल सरकार को कभी नहीं करनी चाहिए। डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भाजपा अपनी इस भूल को सुधारते हुए इस विवादास्पद बिल को वापस (रोलबैक) ले लेती है, तो सवर्ण समाज इस गलती को भुला सकता है। अन्यथा, आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों तथा उसके बाद होने वाले सभी चुनावों में भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है, क्योंकि अंततः जनता ही किसी भी राजनीतिक दल के भाग्य का निर्धारण करती है और भाजपा इस सत्य को अच्छी तरह समझती है। अंत में, श्रीवास्तव ने कायस्थ समाज के साथ-साथ समस्त सवर्ण समाज के लोगों से अपील की है कि वे 8 मार्च 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में अपराह्न 12:00 बजे आयोजित होने वाले यूजीसी रोल बैक महासम्मेलन में भारी संख्या में पहुंचें और इस अन्यायपूर्ण विनियम के विरुद्ध अपनी एकजुट आवाज बुलंद करें। उक्त में राष्ट्रीय सचिव व भारतीय एकता युवा मोर्चा संस्थापक दीपक लाल श्रीवास्तव, अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद संस्थापक एवं अखिल भारतीय कायस्थ महा सभा प्रदेश अध्यक्ष मयंक श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश, दीवाकर खरे, अजय दीप, मिथिलेश श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव एवं समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।